नवंबर, 2024
वर्ष 8, अंक 90

# गैलवे न्यूज़लेटर

GALWAY
FOR YOU FOREVER

संपादक : दीप नारायण तिवारी
मासिक वेब प्रकाशन

DISTRIBUTOR of the Month

# दसवीं फेल से लखपति बनने की अनोखी कहानी

## जुगेश कुमार साहू R.D औरंगाबाद, बिहार






गैलवे बिज़नेस में हर सफल गैलवियन को अपनी सफलता और अपना संघर्ष खुद लिखने की आजादी होती है। इसलिए जब कोई गैलवियन क़ामयाबी के नए मुकाम छूता है तो उसके अनुभव रोचक और प्रेरक लगते हैं। ऐसे ही क़ामयाबी की रोचक दास्तां सुना रहे हैं ग्रेट गैलवियन जुगेश कुमार साहू जो अपनी मेहनत, संघर्ष और गैलवे की बदौलत डिस्ट्रीब्यूटर ऑफ द मंथ का मुकाम पा चुके हैं। गैलवे में इस मुकाम का मतलब यह है कि आप गरीबी के फर्श से सफलता और संपन्नता की विजयी यात्रा की ओर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इस समय जिंदगी के वो सभी सपने साकार होने लगे हैं, या होते दिख रहे है जो कभी असंभव से लगते थे। फिर चाहे वो आलीशान घर खरीदने का सपना हो या फिर आलीशान

4 | गैलवे बाइक/कार बोनस : सभी अचीवर्स को हार्दिक बधाइयां!
6 | गैलवे बिज़नेस से जुड़े राज्य समाचार
47 | गैलवे कृषम आजमाएं लहसुन से लाखों कमाएं

**अचीवमेंट्स**
टॉटा नेक्सॉन, दो बाइक्स, शहर में आलीशान मकान

**सीक्रेट ऑफ सक्सेज**
गैलवे बिज़नेस : माय फैमिली बिज़नेस

**माय बिज़नेस प्रैक्टिस**
ट्रिपल आर एक्टिविटी



**हाउ टू हैंडल रिजेक्शन**
अपलाइन की गाइडेंस व ट्रेनिंग

**माय गैलवे होम**
माय गैलवे होम, माय गैलवे किचन

**सक्सेस मंत्र**
लगातार सीखने की ललक, औसत के नियम पर काम।





कार लेने या देश-दुनिया की सैर करने की ख्वाहिश हो।

बहरहाल, ये तमाम बातें जुगेश कुमार साहू की ज़िंदगी पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं। बिहार, औरंगाबाद के रहने वाले जुगेश दसवीं फेल होने के बावजूद न केवल लाखों कमा रहे हैं, बल्कि बाकी गैलवियंस के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। आइए, जानते हैं इनकी संघर्ष से सफलता तक की कहानी, इन्हीं की जुबानी।

जुगेश कुमार,जिन्हें लोग जे के प्रसाद साहू के नाम से भी जानते हैं, के मुताबिक उनकी ज़िंदगी संघर्षों से भरी रही। आठवीं क्लास के बाद पढ़ाई छोड़नी पड़ी क्योंकि घर की माली हालत बहुत खस्ता थी, नतीजतन, पलायन की मार झेलनी पड़ी और हिमाचल प्रदेश में एक दवा कंपनी में पैकिंग करने की मामूली से नौकरी मिली। एक साल बाद जब जुगेश घर लौटे, तो नौंवी की पढ़ाई शुरु की। इसी दौरान स्कूल से साइकिल मिली, लेकिन हालात ऐसे थे कि उसी साइकिल पर आइसक्रीम बेचकर घर का खर्चा उठाने की नौबत आन पड़ी। जुगेश कुमार कहते हैं कि जैसे-तैसे दसवीं की पढ़ाई पूरी की, लेकिन असफलता ने उनका पीछा नहीं छोड़ा। वो दसवीं पास नहीं कर पाए।

वह कहते हैं, 'अगर गैलवे बिज़नेस नहीं होता, तो मैं आज किसी मजदूरी में या मामूली नौकरी में कहीं खो गया होता। क्योंकि हमारे देश में दुर्भाग्यवश दसवीं फेल के लिए करियर ऑप्शन न के बराबर हैं। वो तो भला हो मेरे बुआ के लड़के का जिनके जरिए मुझे एक ऐसा सुनहरा अवसर मिला जिसने मुझे वो सफलता, पहचान, सम्मान और आत्मविश्वास दिया, जिसकी बदौलत आज एक मैं एक क़ामयाब बिज़नेसमैन बन चुका हूं।'

## गैलवे ने बदली किस्मत

जुगेश आगे कहते हैं कि गैलवे ने मुझे नया जीवन दिया। मैंने 16 दिसंबर 2011 को गैलवे बिज़नेस जॉइन किया। यह मेरे जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। गैलवे के ट्रेनिंग मॉड्यूल से न केवल मैंने बिज़नेस सीखा, बल्कि मेरे व्यक्तित्व में भी अद्भुत बदलाव आ गया। जो सपने कभी असंभव लगते थे, वो सच होने लगे। गैलवे ने मुझे आत्मविश्वास दिया, बात करने का सलीका सिखाया, और सबसे बड़ी बात, अपने सपनों को जीने का हौसला दिया। कल तक जो लड़का साइकिल पर गली -गली जाकर आइसक्रीम बेचता था, आज वही लड़का दो बाइक्स और एक शानदार कार का मालिक है। इतना ही नहीं मैंने शहर में आलीशान घर बनवाया। यह सब गैलवे बिज़नेस की बदौलत ही संभव हुआ। गैलवे की यही ताकत और खूबी है कि यहां शिक्षित व अशिक्षित में भेद नहीं बल्कि सबको क़ामयाब होने का बराबर मौका मिलता है।

गैलवे बिज़नेस को अपना फैमिली बिज़नेस बना चुके जुगेश कहते हैं कि आज मेरा परिवार भी इस बिज़नेस में सक्रिय है। भतीजा एसडी लेवल पर, बड़े भाई पीडी लेवल पर और भांजा सीडी लेवल पर शानदार काम कर रहे हैं और पूरा परिवार सफलता की राह पर चल रहा है। जुगेश का सपना है कि एक दिन वह अपने परिवार को विदेश यात्रा पर लेकर जाएं और अपने बच्चों को शहर में रखकर उच्च शिक्षा दिलवाएं। उनका मानना है कि सफलता की कुंजी कभी हार न मानकर लगातार सीखते रहने में है।

जुगेश का फंडा है कि रास्ते चाहे जितने भी रिजेक्शन से भरे हों, मुश्किल हों, अगर इरादे मज़बूत हों, तो क़ामयाबी जरूर मिलती है। इसलिए कभी हार मत मानें। गैलवे बिज़नेस में उन्होंने शुरुआत में रिजेक्शन और नकारात्मकता का सामना किया, लेकिन कभी पीछे नहीं हटे। पिता का विश्वास खोया, रिश्तेदारों ने बात करनी बंद कर दी थी, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत और जुनून से खुद को साबित कर दिखाया। जुगेश के मुताबिक लोग जितना मुझे रिजेक्ट करते, मैं उससे दोगुनी मेहनत से काम करता। इसके लिए मैं अपनी अपलाइन व गैलवे के शानदार ट्रेनिंग मॉडयूल को श्रेय देता हूं। कभी मुझसे मुंह फेरने वाले वही लोग आज मेरी सफलता को देख कर प्रेरित होते हैं। अपनी टीम को मोटिवेट करने के लिए जुगेश ने ट्रिपल आर का फॉर्मूला अपनाया है। वे अपनी टीम को प्रमोशन देने, उन्हें अवॉर्ड्स से सम्मानित करने और ट्रिप्स पर ले जाने जैसी एक्टिविटीज के जरिए अपने नेटवर्क को हमेशा एक्टिव एंड एनर्जेटिक बनाए रखते हैं। जुगेश न केवल गैलवे बिज़नेस में सफलता हासिल कर रहे हैं, बल्कि गैलवे के प्रोडक्ट्स से भी उनकी ज़िंदगी बदल रही है। उनके घर का गैलवे ड्रीम कॉर्नर गैलवे प्रोडक्ट्स से सजा हुआ है। उनका मानना है कि गैलवे के प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता भी इस बिज़नेस की सबसे बड़ी ताकत है।

## गैलवे, मतलब सफलता की गांरटी

जुगेश कुमार साहू की सफलता की यह इंसपायरिंग कहानी उन सभी डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए प्रेरणा है, जो अपने जीवन में बदलाव लाना चाहते हैं। उन्होंने दिखा दिया है कि अगर दिल में मेहनत करने का जज़्बा हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं । गैलवे ने उन्हें न सिर्फ आर्थिक रूप से सफल बनाया, बल्कि उन्हें समाज में एक नई पहचान भी दी है। गैलवे बिज़नेस ने आज जुगेश को कुछ बनने का मौका दिया, और अब वह इस प्रेरणा को बाकी डिस्ट्रीब्यूटर्स तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उनका अपने साथियों से यही कहना है कि हर संघर्ष के बाद सफलता की सुबह आती है। गैलवे में जो मेहनत करेगा, उसे क़ामयाबी की सुनहरी सुबह जरूर मिलेगी।

# रांची में लगा गैलवियंस का जमावड़ा

झारखंड की राजधानी रांची में 24 अक्टूबर को ऑल झारखंड आरडी मीट का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड के सैकड़ों आरडी गैलवियंस ने भाग लिया। इस अवसर का मुख्य उद्देश्य नए आरडी को सम्मानित करना और उन्हें सफलता की राह पर प्रेरित करना था। इस मीट में सीनियर डायरेक्टर (सेल्स एंड पीआर) कुश कुमार की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। उन्होंने कंपनी की 21 वर्षों की सफल यात्रा और उपलब्धियों की जानकारी देकर सभी में उत्साह का संचार किया।

कार्यक्रम में डायरेक्टर (एजुकेशन एंड ट्रेनिंग) राजेश पासवान, रीजनल हेड मुंद्रिका गोप, रीजनल हेड निशांत नाथ साह, स्टार जीडीडी संतराज कुमार, स्टार जीडीडी मिथलेश कुमार, जीडीडी महेश कुमार, जीडीडी रुपेश राय और जीडीडी राजकुमार सहित कई सीनियर लीडर्स ने भाग लिया। राजेश पासवान ने सभी गैलवियंस को सम्मानित किया, जबकि मुंद्रिका जी ने सफल लीडर बनने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया और उन्हें नई दिशा दी। यह आयोजन न केवल एकजुटता का प्रतीक था, बल्कि सभी गैलवियंस के लिए नई प्रेरणा भी बना। अंत में राजेश और मुंद्रिका जी ने सभी गैलवियंस का धन्यवाद दिया और भविष्य की योजनाओं के साथ सफलता की मंजिल हासिल करने का संदेश दिया।








# गैलवे हेडऑफिस में मनाया गया दीपोत्सव

प्रकाश पर्व दीपावली, खुशियों का त्योहार है और गैलवे परिवार हमेशा अपने परिवारजनों के साथ इन खुशियों को साझा करने में आगे रहता है। इस वर्ष भी गैलवे हेडऑफिस, नई दिल्ली में दीपावली के अवसर पर भव्य और हर्षोल्लास से दीवाली पार्टी का आयोजन किया गया। दीपावली के इस विशेष अवसर पर, गैलवे ग्रुप ऑफ कंपनीज की सभी सहयोगी कंपनियों के कर्मचारियों को कंपनी की मैनेजमेंट द्वारा दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इसके साथ ही कर्मचारियों को उपहार भी दिए गए, जिससे इस त्यौहार की खुशियां और भी बढ़ गईं।

इस आयोजन में सक्षम आईटी, गैलवे और गैलवे स्टोर के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर दीपावली के इस आनंदपूर्ण अवसर को शानदार तरीके से मनाया। यह आयोजन इस बात का गवाह था कि गैलवे परिवार न केवल काम में बल्कि हर छोटे-बड़े मौके पर अपने कर्मचारियों के साथ खुशियों को साझा करने में विश्वास करता है।

दीपावली का यह पर्व गैलवे परिवार के लिए एक और अवसर था, जब उन्होंने एकजुट होकर इस प्रकाश पर्व को उत्साह और खुशी के साथ मनाया।









सपनों को सच करने की शुरुआत पहले कदम से होती है। अक्टूबर, 2024 माह में गैलवे बाइक बोनस से अपनी ड्रीम बाइक खरीदने का सपना सच करने वाले सभी अचीवर्स को गैलवे की तरफ से उज्ज्वल भविष्य की ढेरों शुभकामनाएं। उनके इस सपने को पूरा करने में उनकी अपलाइन व डाउनलाइन का भी भरपूर सहयोग रहा है, उन्हें भी बधाइयां व शुभकामनाएं।

## गैलवे बाइक बोनस अचीवर्स



SANTOSH MUKHIYA ■ RD ■ UTTAR PRADESH
ROYAL ENFIELD CLASSIC 350

2 Lakh 85 Thousand




DANNY KUMAR SOURAV ■ RD ■ JHARKHAND
ROYAL ENFIELD CLASSIC 350

2 Lakh 59 Thousand




KISHAN KUMAR PATEL ■ LDD ■
ROYAL ENFIELD

2 Lakh 59 Thousand




PANKAJ KUMAR ■ STAR RD ■ UTTAR PRADESH
YAMAHA FZS

1 Lakh 70 Thousand

सपनों को सच करने की शुरुआत पहले कदम से होती है। अक्टूबर, 2024 माह में गैलवे बाइक बोनस से अपनी ड्रीम बाइक खरीदने का सपना सच करने वाले सभी अचीवर्स को गैलवे की तरफ से उज्ज्वल भविष्य की ढेरों शुभकामनाएं। उनके इस सपने को पूरा करने में उनकी अपलाइन व डाउनलाइन का भी भरपूर सहयोग रहा है, उन्हें भी बधाइयां व शुभकामनाएं।

## गैलवे बाइक बोनस अचीवर्स



**LAXMAN ■ RD ■ UTTAR PRADESH**
**TVS APACHE 160CC**

**1 Lakh 50 Thousand**




**KAILASH HANTAL ■ SD ■ ODISHA**
**TVS JUPITER 125CC**

**1 Lakh 17 Thousand**




**YASHODA DEVI ■ LDD ■ JHARKHAND**
**TVS NTORQ 125**

**1 Lakh 14 Thousand**



**RAJU KUMAR SINGH ■ STAR RD ■ ODISHA**
**HONDA ACTIVA 125CC**

**1 Lakh 12 Thousand**

# उत्तर प्रदेश

## कानपुर

Franchiser
Rohit Kumar
(Radha Krishna Associate)

Vc Event Head
Chandresh Kumar
(RD)

## पीडी और ईडी को गैलवे ब्रोच से किया गया सम्मानित

उत्तर भारत के औद्योगिक हब कहे जाने वाले कानपुर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी, राधा कृष्णा एसोसिएट्स ने गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में आरडी चंद्रेश कुमार की टीम के पीडी और ईडी गैलवियंस ने भाग लिया।

इस अवसर पर फ्रेंचाइजर रोहित कुमार ने उपस्थित पीडी और ईडी को सफलता के सूत्र पर आधारित एक विशेष ट्रेनिंग सत्र प्रदान किया। उन्होंने न केवल उनके विजन को स्पष्ट किया, बल्कि सफलता की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी दिया।

ट्रेनिंग के बाद, सभी गैलवियंस को फ्रेंचाइजर रोहित कुमार द्वारा गैलवे ब्रोच पहनाकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। गैलवे ब्रोच के बारे में रोहित कुमार ने बताया कि यह ब्रोच हमारी आन बान शान का प्रतीक है इसलिए इसे गर्व के साथ सीने पर लगाएं।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पीडी और ईडी गैलवियंस ने हिस्सा लिया और इस सत्र का भरपूर लाभ उठाया।









## कानपुर

## स्व. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

25 सितंबर, 2024 को पंडित स्व. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी राधा कृष्णा एसोसिएट द्वारा एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कानपुर के रामादेवी क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष श्री रविंद्र यादव और भाजपा नेत्री श्रीमती कुसुम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि और गैलवे जोन के लीडर्स ने पंडित स्व. दीनदयाल उपाध्याय जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके देशसेवा और समाज के प्रति योगदान को श्रद्धांजलि दी।

मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर गैलवियंस को प्रेरित करते हुए महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करने और देशसेवा में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया।

इस कार्यक्रम में फ्रेंचाइजर रोहित कुमार, सभी वीसी सदस्य और गैलवियंस की उपस्थिति ने इसे एक यादगार आयोजन बना दिया।

Chief Guest - Mr. Ravindra Yadav (Devision President, BJP, Kanpur) & Mrs. Kusum (BJP Leader)





# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Pawan Bind (LDD)

## कानपुर

### लक्ष्य को हासिल करने के लिए बेहतरीन प्लानिंग है जरूरी

उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी राधा कृष्णा एसोसिएट के सौजन्य से आयोजित ट्रेनिंग में एलडीडी पवन बिंद ने अपनी स्पीच में अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के बारे में बताया कि एक बार उन्होंने कहा था 'मुझे एक पेड़ को काटने के लिए छह घंटे का समय दीजिए और मैं पहले चार घंटे का समय कुल्हाड़ी तेज करने में बिताऊंगा।' इस सोच के पीछे का संदेश साफ है कि किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए सबसे पहले जरूरी है उसकी सही और प्रभावी योजना बनाना। क्योंकि जब योजना सही होती है, तो लक्ष्य तक पहुंचना सरल और अधिक संभव हो जाता है। इसी तरह हमें भी गैलवे बिज़नेस में पहले प्लानिंग पर जोर देना चाहिए तभी लक्ष्य की प्राप्ति कर पाएंगे।

इस मौके पर फ्रेंचाइजर रोहित कुमार, वीसी सदस्य मोनू सिंह, चंद्रेश कुमार, सियाराम, विशाल कुमार, आरडी संजय कुमार, रविरंजन, दीपक, मुमताज, विनोद कुमार, दिलीप कुमार, सुमित कुमार, गुलाम समदानी, तौसिफ रजा, मुकेश कुमार, सरबजीत, संदीप सिंह एवं हासिब अली अमजद खान समेत कई गैलवे लीडर्स एवं गैलवियंस मौजूद रहे।










## कानपुर

### ट्रेनिंगः गैलवे बिज़नेस में सफलता का मूल मंत्र

गैलवे बिज़नेस में सफलता की कुंजी आपकी ट्रेनिंग में छिपी होती है। यदि आप बिना ट्रेनिंग के बिज़नेस की शुरुआत करते हैं, तो सफलता की संभावना बेहद कम होती है। लेकिन अगर आप पहले दिन से ही ट्रेनिंग लेना शुरू करते हैं और उसे लगातार अटेंड करते हैं, तब तक जब तक आप उन ट्रेनिंग्स के मास्टर नहीं बन जाते, तो आपकी सफलता 100 प्रतिशत सुनिश्चित होती है। यह कहना है फ्रेंचाइजर रोहित कुमार का जो कानपुर जोन के सभी गैलवियंस को सक्सेस ओरिएंटेशन की ट्रेनिंग देने के लिए उपस्थित हुए थे।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में फ्रेंचाइजर रोहित कुमार ने गैलवियंस को सफलता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हुए सक्सेस ओरिएंटेशन की ट्रेनिंग दी।

इस अवसर पर कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिन्होंने इस ट्रेनिंग से अपनी सफलता की राह को और स्पष्ट किया।










# उत्तर प्रदेश

## कानपुर

### गैलवे ब्रोच के साथ किया गया सम्मान

उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी राधा कृष्णा एसोसिएट द्वारा पीडी और ईडी मीटअप का आयोजन किया गया। इस मीटअप में आरडी विनोद कुमार के पीडी और ईडी डाउनलाइन को फ्रेंचाइजी ऑफिस में बिज़नेस प्लान की ट्रेनिंग दी गई।

इस अवसर पर पीडी और ईडी गैलवियंस को सफलता के विभिन्न सूत्र प्रदान किए गए, जो उन्हें अपने बिज़नेस को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। कार्यक्रम के अंत में फ्रेंचाइजर लगाकर सम्मानित किया और उन्हें गैलवे बिज़नेस में सफलता प्राप्त करने के लिए अग्रिम बधाई दी।

इस कार्यक्रम में वीसी सदस्य और अन्य गैलवे लीडर्स की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने इस अवसर को और भी खास बना दिया।






## कानपुर

Chief Guest - Mukesh Maurya (RD)

### कानपुर में गैलवियंस ने सीखे सफलता के मूल मंत्र

उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी राधा कृष्णा एसोसिएट द्वारा ऑल आईआर मीटअप का आयोजन किया गया। इस मीटअप में गैलवियंस को आरडी मुकेश मौर्या द्वारा बिज़नेस के विभिन्न पहलुओं पर ट्रेनिंग प्रदान की गई।

मुकेश कुमार मौर्या ने गैलवियंस को बिज़नेस प्लान, गैलवे प्रोडक्ट्स, गैलवे बिज़नेस का भविष्य, रिजेक्शन और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने गैलवियंस को यह समझाया कि किस प्रकार से सही दिशा में काम करके वे अपने बिज़नेस को और अधिक सफल बना सकते हैं।

ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान गैलवियंस ने मुकेश कुमार मौर्या की बातों को बड़े ध्यान से सुना, समझा और अपने नोट्स भी बनाए, ताकि उन्हें अपने बिज़नेस में लागू किया जा सके।

इस कार्यक्रम में फ्रेंचाइजर रोहित कुमार, एलडीडी पवन बिंद, वीसी सदस्य मोनू सिंह, चंद्रेश कुमार, सियाराम, विशाल कुमार, आरडी संजय कुमार, रविरंजन, दीपक, मुमताज, विनोद कुमार, दिलीप कुमार, सुमित कुमार, गुलाम समदानी, तौसिफ रजा, मुकेश कुमार, संजय यादव, आशीष, सरबजीत और अन्य गैलवे लीडर्स तथा गैलवियंस भी मौजूद रहे।






# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Sobhit (RD)

## कानपुर

### सफलता या असफलता आप पर निर्भर करती है



स्व. श्री रतन टाटा के अनुसार, 'लोहे को कोई नष्ट नहीं कर सकता है, परंतु उसका अपना जंग ही उसे नष्ट कर सकता है। इसी तरह से कोई भी व्यक्ति को नष्ट नहीं कर सकता है, लेकिन उसकी अपनी मानसिकता ही ऐसा कर सकती है।' यह कहना है आरडी सोभित का जो गैलवे फ्रेंचाइजी राधा कृष्णा एसोसिएट द्वारा आयोजित ऑल आईआर मीटअप में गैलवियंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि गैलवे बिज़नेस में भी यही बात लागू होती है। आप किसी और के द्वारा सफल या असफल नहीं किए जा सकते। आपकी आत्मविश्वास की कमी ही आपको असफल बना सकती है। इसलिए, सफलता की राह पर चलने के लिए अपना आत्मविश्वास बनाए रखना बेहद जरूरी है।

उन्होंने गैलवियंस को कई महत्वपूर्ण विषयों पर ट्रेनिंग दी। इस ट्रेनिंग्स से गैलवियंस में जोश और जुनून का संचार हुआ, जिससे उन्होंने अपने बिज़नेस में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरणा पाई।

इस मौके पर फ्रेंचाइजर रोहित कुमार, एलडीडी पवन बिंद, वीसी सदस्य मोनू सिंह, चंद्रेश कुमार, सियाराम, विशाल कुमार, आरडी संजय कुमार, रविरंजन, दीपक, मुमताज, विनोद कुमार, दिलीप कुमार, सुमित कुमार, गुलाम समदानी, तौसिफ रजा, मुकेश कुमार, संजय यादव, आशीष, सरबजीत समेत कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस मौजूद रहे।





## मिर्जापुर

Franchiser
Raja Kumar
(Maa Ashtbhuja Traders)

Chief Guest - Ram Pravesh (LDD)

### मेहनत से ही मिलते हैं सपनों को हकीकत के पंख

आप किसी भी बिज़नेस को करें, बिना मेहनत और विश्वास के आप किसी भी बिज़नेस में सफलता हासिल नहीं कर सकते हैं। इसलिए अगर आपको अपने सपने पूरे करने हैं, तो जमकर मेहनत करें और अपने सपनों को हकीकत के पंख दें।' यह कहना है एलडीडी राम प्रवेश का जो उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर शहर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां अष्टभुजा ट्रेडर्स के सौजन्य से अभिनंदन मैरिज लॉन में ऑल आईआर मीटअप में गैलवियंस को संबोधित कर रहे थे।

इस मीटअप में एलडीडी राम प्रवेश ने गैलवियंस को सफलता के कई अहम मंत्र दिए और उन्हें क़ामयाबी की दिशा में प्रेरित किया। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए गैलवियंस को यह समझाया कि मेहनत और सही दिशा में प्रयास करने से ही सपनों को हकीकत में बदला जा सकता है।

इस कार्यक्रम के दौरान जोन के सभी गैलवे लीडर्स ने राम प्रवेश का जोरदार स्वागत और सम्मान किया।

इस मौके पर फ्रेंचाइजर राजा कुमार, वीसी सदस्य पवन सिंह, राहुल शर्मा, आरडी हवन सिंह, धर्मेंद्र यादव, हरेराम पाल, मुकेश कुमार मौर्या, विशाल कुमार, अखिल कुमार, देवराज गुप्ता, आशीष कुमार, बबलू कुमार, राजेश शर्मा, चंदन गिरी, संतोष कुमार, आनंद प्रकाश, ज्योति कुमारी, एसडी अरविंद कुमार समेत कई प्रमुख गैलवे लीडर्स और गैलवियंस उपस्थित रहे।





# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Ramesh Kumar (LDD)

## मिर्जापुर

### ट्रेनिंग से मिलता है बिज़नेस करने का सही मार्ग

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर शहर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां अष्टभुजा ट्रेडर्स द्वारा गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में एलडीडी रमेश कुमार ने अपनी प्रेरणादायक ट्रेनिंग से गैलवियंस में सफलता का जोश जगा दिया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में जोन के सभी गैलवे लीडर्स ने रमेश कुमार का गरिमामयी स्वागत किया, उन्हें माला पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन एक सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर था, जो सभी उपस्थित गैलवियंस के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया।






इस कार्यक्रम में फ्रेंचाइजर राजा कुमार, वीसी सदस्य अजय कुमार मौर्या, राहुल कुमार, विजय चौधरी, चंदन ठाकुर, आरडी विपिन कुमार, सादिक अली, अरविंद कुमार, आशाराम धुर्वे, प्रदीप कुमार राणा, सत्यमदेव पांडे, चंदन कुमार राणा, विराट कुमार, संजीव कुमार, समित कुमार झा, अनीता समेत कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## मिर्जापुर

### अचीवर्स के सम्मान में आयोजित हुई डिनर पार्टी

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां अष्टभुजा ट्रेडर्स द्वारा बिज़नेस में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले एसडी और आरडी के सम्मान में एक भव्य डिनर पार्टी का आयोजन किया गया।

स्वादिष्ट व्यंजनों के बीच, फ्रेंचाइजर राजा कुमार और अन्य गैलवे लीडर्स ने बिज़नेस से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर सभी ने डाउनलाइन के प्रमोशन, मंथली ऑफर्स, अचीवमेंट्स और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार साझा किए, जिससे सभी को अपने बिज़नेस को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरणा मिली।

इस शानदार डिनर पार्टी में आरडी राहुल कुमार, नीतीश कुमार, धर्मवीर, एसडी रंजीत पाल, सूरज कमल, अनुज यादव, सचिन पाल, रोहित पाल, गणेश तिवारी, भानू पाल, अभिषेक पाल समेत कई प्रमुख गैलवे लीडर्स और गैलवियंस ने भाग लिया।












# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Rajesh Kumar (GDD)

## मिर्जापुर

### मेरी सफलता का राज मेहनत और अपलाइन का साथ - राजेश कुमार

'किसी भी काम को बिना अनुभव के सफल बनाना नामुमकिन नहीं, बल्कि असंभव है। इसलिए गैलवे बिज़नेस में आपको बिज़नेस करने का पूरा अनुभव ट्रेनिंग के रूप में दिया जाता है। आपके लिए जरूरी है कि सबसे पहले अपनी ट्रेनिंग को पूरा करें, और फिर कड़ी मेहनत और अपलाइन के मार्गदर्शन में अपने सपनों को पूरा करें।' यह कहना है जीडीडी राजेश कुमार का।

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां अष्टभुजा ट्रेडर्स के सहयोग से अभिनंदन पैलेस में ऑल आईआर मीटअप का आयोजन किया गया। इस मीटअप में राजेश कुमार ने हाल ही में जीडीडी रैंक हासिल करने के बाद अपनी सफल यात्रा के बारे में उपस्थित गैलवियंस से साझा किया। उन्होंने अपनी मेहनत, ट्रेनिंग और अपलाइन के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का मुख्य कारण बताया। इस मौके पर जोन के सभी गैलवे लीडर्स ने मिलकर राजेश कुमार का स्वागत और सम्मान किया। फ्रेंचाइजर राजा कुमार, वीसी सदस्य पवन सिंह, राहुल शर्मा, आरडी हवन सिंह, धर्मेंद्र यादव, हरेराम पाल, मुकेश कुमार मौर्या, विशाल कुमार, अखिल कुमार, देवराज गुप्ता, आशीष कुमार, बबलू कुमार, राजेश शर्मा, चंदन गिरी, संतोष कुमार, आनंद प्रकाश, ज्योति कुमारी, एसडी अरविंद कुमार समेत तमाम गैलवे लीडर्स और गैलवियंस उपस्थित रहे।





## मिर्जापुर

Chief Guest - Sunil Kumar Yadav (LDD)

### क़ामयाबी के लिए जरूरी है कड़ी मेहनत और ईमानदारी

क़ामयाबी कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे आप बाजार से जाकर खरीद सकते हैं या किसी से छीन सकते हैं। क़ामयाबी सिर्फ और सिर्फ आपकी मेहनत, ईमानदारी, आत्मविश्वास और काम के प्रति विश्वास से अर्जित की जा सकती है। इसके अलावा इसे हासिल करने का और कोई रास्ता नहीं है।'

इन शब्दों से एलडीडी सुनील कुमार यादव ने गैलवियंस में जोश और जुनून का संचार किया।

वह उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर शहर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां अष्टभुजा ट्रेडर्स के सहयोग से कमला वाटिका लॉन में गैलवे एजुकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम में बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए थे जहां उनका भव्य स्वागत और सम्मान किया गया।

इस मौके पर फ्रेंचाइजर राजा कुमार, बबलू गुप्ता, वीसी सदस्य अजय कुमार मौर्या, राहुल कुमार, विजय चौधरी, चंदन ठाकुर, आरडी विपिन कुमार, सादिक अली, अरविंद कुमार, आशाराम धुर्वे, प्रदीप कुमार राणा, चंदन कुमार राणा, विराट कुमार, संजीव कुमार, समित कुमार झा, अनीता समेत कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस मौजूद रहे।






# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Dharmendra Yadav (RD)

## मिर्जापुर

### सपनों के पूरे होने की अभी तो शुरूआत है - धर्मेंद्र यादव

‘जो सपने नहीं देखता उसकी लाइफ का कोई निर्धारित लक्ष्य नहीं होता मैं भी गैलवे में आने से पहले जब भी रॉयल इनफील्ड बाइक को देखता था, तो मुझे लगता था कि इतनी शानदार और रॉयल लुक वाली बाइक की कीमत बहुत ज्यादा होगी और क्या मैं इसे खरीद पाऊंगा। क्योंकि मेरी पिछली इनकम से यह संभव नहीं लग रहा था। लेकिन गैलवे बिज़नेस में आकर मैंने इस नामुमकिन को मुमकिन में बदल दिया और आज मैं रॉयल इनफील्ड बाइक का मालिक बन चुका हूं। आज मैंने बाइक खरीदी है और जल्द ही मैं एक आलीशान कार भी लूंगा। तब मैं फिर से आपके सामने अपनी क़ामयाबी के किस्से लेकर आऊंगा।’ यह कहना है धर्मेंद्र यादव का।

जो उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में आयोजित गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम में अपनी सफलता की कहानी से गैलवियंस में जोश और जुनून का भरने का काम कर रहे थे।

इस मौके पर मिर्जापुर फ्रेंचाइजी के फ्रेंचाइजर राजा कुमार समेत सभी वीसी सदस्य और गैलवियंस उपस्थित रहे।







## मिर्जापुर

### ईडी, एसडी और आरडी ने समझी सफलता की राह

गैलवे बिज़नेस में सफलता कभी अकेले की मेहनत से नहीं मिलती। इसमें टीमवर्क और सहयोग की आवश्यकता होती है, जहां भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं होती। इस बिज़नेस में बॉस नहीं, बल्कि एक लीडर बनकर काम करना होता है ,ऐसा लीडर जो अपनी डाउनलाइन की बातों को सुने, उनकी चुनौतियों को समझे और उन्हें उनकी मंजिल तक पहुँचने में मदद करे। अपनी टीम को सफल बनाना ही स्वयं को सफल बनाने का असली रास्ता है।

इसी सोच के साथ, गैलवे लीडर्स ने एक खास ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया और अपनी डाउनलाइन के सदस्यों के अब तक के अनुभव भी जाने। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर स्थित काव्या रेस्टोरेंट में आयोजित ईडी, एसडी और आरडी मीटअप में गैलवियंस ने सफलता की सही परिभाषा पर चर्चा की और साथ ही स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया।

इस खास मौके पर फ्रेंचाइज़र राजा कुमार, आरडी पवन सिंह सहित कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस उपस्थित रहे, जिन्होंने इस मीटअप को सफल और आनंदमय बनाया।













# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Rani Pal (RD)

## मिर्जापुर

## नारी शक्ति की बुलंद आवाज से गैलवियंस में जागा सफलता के प्रति उत्साह

गैलवे बिज़नेस में महिला गैलवियंस की सफलता की सूची बेहद लंबी है। ये महिलाएं न केवल अपने सपनों को साकार कर रही हैं, बल्कि अपने परिवार की गृहस्थी के सुखद संचालन में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। गैलवे की नारी शक्ति सिर्फ खुद सफल होने में नहीं, बल्कि अपनी टीम को भी सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही है।

इसी नारी शक्ति की मिसाल पेश करतीं रानी पाल ने अपने प्रभावशाली संबोधन से गैलवियंस में सफलता प्राप्त करने की उत्सुकता और जोश को और भी बढ़ा दिया। गैलवे फ्रेंचाइजी मां अष्टभुजा ट्रेडर्स के सौजन्य से आयोजित इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में जोन के लीडर्स ने मिलकर रानी पाल का जोरदार स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में फ्रेंचाइजर राजा कुमार, वीसी सदस्य पवन सिंह, राहुल शर्मा, आरडी हवन सिंह, धर्मेंद्र यादव, हरेराम पाल, मुकेश कुमार मौर्या, विशाल कुमार, अखिल कुमार, बबलू कुमार, राजेश शर्मा, चंदन गिरी, संतोष कुमार, आनंद प्रकाश, ज्योति कुमारी, एसडी अरविंद कुमार समेत तमाम गैलवे लीडर्स और गैलवियंस उपस्थित रहे।





Chief Guest - Ranu Singh (LDD)

## इटावा

Franchiser
Ashish Sengar
(Arnab Associates)

## गैलवे प्रमोशन एवं अचीवमेंट डे का भव्य आयोजन

उत्तर प्रदेश के इटावा शहर में गैलवे फ्रेंचाइजी अर्नब एसोसिएट के सौजन्य से गैलवे प्रमोशन एवं अचीवमेंट डे का शानदार आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हाल ही में प्रमोशन प्राप्त करने वाले गैलवियंस को सम्मानित करना और उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाना था। कार्यक्रम में गैलवे के कई प्रमुख लीडर्स ने शिरकत की। फ्रेंचाइजर आशीष सेंगर और एलडीडी रानू सिंह ने अचीवर्स को सम्मानित करते हुए अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। उन्होंने गैलवियंस को सफलता की दिशा में और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और अपने अनुभवों से मार्गदर्शन प्रदान किया।



इस खास अवसर पर वीसी सदस्य संदीप कश्यप, हेमंत कुमार, सतीश राजभर, सचिन यादव, रंजीत यादव, प्रेमचंद्र, पिंकू वर्मा, आशीष राजभर, वीरेंद्र, और छत्रपाल समेत कई गैलवे लीडर्स ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने अचीवर्स को बधाई दी और भविष्य में और ऊँचाइयों को छूने की शुभकामनाएँ दीं।





कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अचीवर्स का सम्मान समारोह था, जिसमें हाल ही में प्रमोशन प्राप्त गैलवियंस को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल गैलवियंस के लिए प्रेरणा का स्रोत बना, बल्कि उनके सहयोगियों के लिए भी एक प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक अनुभव साबित हुआ।

# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Sohel Khan (Star GDD)

## इटावा

### सोहेल खान ने गैलवियंस में जगाया सफलता का उत्साह





उत्तर प्रदेश के इटावा शहर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी अर्नब एसोसिएट के सौजन्य से गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में स्टार जीडीडी सोहेल खान की मौजूदगी ने गैलवियंस में जोश और जुनून का संचार कर दिया।

ट्रेनिंग प्रोग्राम में सोहेल खान ने गैलवियंस को गैलवे बिज़नेस प्लान की खूबियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गैलवे बिज़नेस प्लान सिर्फ इनकम देने वाला प्लान नहीं है, बल्कि इसमें आपके हर सपने को पूरा करने का मौका है। चाहे वह घर का सपना, गाड़ी का सपना, विदेश यात्रा करने का सपना हो, या फिर अनलिमिटेड पैसा खर्च करने की आज़ादी हो। यह सबकुछ आपको इस बिज़नेस के अंदर मिल सकता है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आप अपनी अपलाइन के मार्गदर्शन में पूरी मेहनत और समर्पण के साथ काम करें।

प्रोग्राम में फ्रेंचाइजर आशीष सेंगर, स्टार एलडीडी अब्दुल रब समेत कई गैलवियंस ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके साथ मिलकर इस आयोजन ने गैलवियंस को न केवल प्रेरित किया, बल्कि उन्हें सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए उत्साहित भी किया।

## इटावा

Chief Guest - Sohel Khan (Star GDD)

### ईमानदारी और मेहनत से ही बनेगी सफलता की कहानी – सोहेल खान






बिना मेहनत के किसी भी काम में सफलता हासिल नहीं की जा सकती है और मेहनत तभी सफल होती है जब उस काम को पूरी ईमानदारी से किया गया हो। ईमानदारी से कमाई गई सफलता लंबे समय तक आपका साथ देती है और लोगों के बीच आपको एक आदर्श के रूप में स्थापित करती है।'' यह कहना है स्टार जीडीडी सोहेल खान का।

सोहेल खान ने यह प्रेरणादायक संदेश उत्तर प्रदेश के इटावा शहर में आयोजित गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम के दौरान दिया। इस मौके पर गैलवियंस से बातचीत करते हुए उन्होंने उन्हें मेहनत और ईमानदारी के महत्व को समझाया और सफलता के प्रति अपने दृष्टिकोण को साझा किया।

प्रोग्राम का आयोजन गैलवे फ्रेंचाइजी अर्नब एसोसिएट के सौजन्य से किया गया था, जिसमें जोन के सभी गैलवे लीडर्स ने सोहेल खान का जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर फ्रेंचाइजर आशीष सेंगर अपने सभी वीसी सदस्यों और अन्य गैलवे लीडर्स के साथ उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।



# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Santraj Kumar (Star GDD)

## अकबरपुर (कानपुर देहात)



Zonal Head
Tapeshwar Das

Franchiser
Hemant Kumar (Royal Associate)

## गैलवे से जुड़ें और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ें – संतराज कुमार

उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी रॉयल एसोसिएट के सौजन्य से गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथी रहे स्टार जीडीडी संतराज कुमार ने गैलवियंस से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए गैलवे बिज़नेस में जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा, "गैलवे बिज़नेस में कम पूंजी और न्यूनतम जोखिम के साथ आपके सपने पूरे हो सकते हैं, जबकि अन्य बिज़नेस में बड़ी पूंजी और जोखिम की आवश्यकता होती है।"

कार्यक्रम में गैलवे लीडर्स ने संतराज कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर फ्रेंचाइजर हेमंत कुमार, स्टार आरडी कुंदन, आरडी शिवा शर्मा, शानू शर्मा और अन्य गैलवे लीडर्स एवं गैलवियंस भी मौजूद रहे।











Chief Guest - Santosh Kumar Suman (GDD)

## वाराणसी



Regional Head
Sunil Das

Franchiser
Arvind Singh (Multani Associates)

Vc Event Head
Indra Kumar (RD)

## भोले बाबा की नगरी में गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का भव्य आयोजन

काशी, जिसे हम वाराणसी के नाम से भी जानते हैं, में गैलवे फ्रेंचाइजी मुल्तानी एसोसिएट के सौजन्य से एक शानदार गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में प्रमुख अतिथि के रूप में जीडीडी संतोष कुमार सुमन की उपस्थिति ने इसे और भी खास बना दिया।

कार्यक्रम में गैलवे लीडर्स ने संतोष कुमार सुमन का जोरदार स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर फ्रेंचाइजर अरविंद कुमार, एलडीडी लालू यादव, वीरेंद्र कुमार, आरडी विकास, संदीप, अजीत यादव, नीतीश कुमार, विकास सिंह, अनिल, सोभित, अफरोज, सुधीर, मनोज, प्रताप, सलमान समेत कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस उपस्थित रहे।





# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Pradeep Pandey (LDD)

## चित्रकूट



Regional Head
Sunil Das



Zonal Head
Shivkumar Pal

Franchiser
Anil Kumar
(Maa Prema Associate)

Vc Event Head
Anil Kumar
(Star RD)

## अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए गैलवे बिज़नेस से जुड़ें

गैलवे बिज़नेस सिर्फ आपके लिए ही नहीं, बल्कि आपके बच्चों के लिए भी एक सुरक्षित और स्थिर भविष्य की गारंटी देता है। यह कहना है एलडीडी प्रदीप पांडे का, उन्होंने कहा कि ''गैलवे बिज़नेस में आपके फ्यूचर के साथ-साथ आपके बच्चों का भी फ्यूचर बिल्कुल सेफ है। आपको भविष्य को लेकर ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं होगी, अगर आप पूरी मेहनत और शिद्दत के साथ गैलवे बिज़नेस करते हैं और अपने आपको सफलता के कगार पर खड़ा कर देते हैं।''

वह उत्तर प्रदेश के चित्रकूटधाम कर्वी में गैलवे फ्रेंचाइजी मां प्रेमा एसोसिएट द्वारा आयोजित गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम में गैलवियंस को सफलता की कई नई दिशा और मंत्र दे रहे थे। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में गैलवे लीडर्स और गैलवियंस ने उनकी बातों को ध्यान से सुना और अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

इस मौके पर फ्रेंचाइजी अनिल त्रिपाठी, वीसी सदस्य मुर्शरफ अली, शाहिद शेख, दिनेश कुमार, जितेंद्र यादव, साहिल, और गैलवे लीडर्स विनोद, सुजय, गुफरान, अबरार, नंदू, शुभम, संगम, नारद, अनुज, जाहिद समेत अन्य महत्वपूर्ण गैलवे लीडर्स एवं गैलवियंस मौजूद रहे।



## चित्रकूट

## सफलता की कुंजी है टीमवर्क से काम करना

'गैलवे बिज़नेस में अकेले के दम पर सफलता हासिल नहीं की जा सकती है। इसके लिए आपको टीमवर्क के साथ बिज़नेस करना होगा। अगर आप बड़ी सोच रखते हैं, तो उसे पूरा करने के लिए टीमवर्क के तहत ही बिज़नेस करना होगा।' यह कहना है चित्रकूट फ्रेंचाइज़र अनिल त्रिपाठी का।

हाल ही में उत्तर प्रदेश के चित्रकूट के कर्वी में आयोजित गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम में अनिल त्रिपाठी ने गैलवियंस को टीमवर्क और सहयोग की ताकत के बारे में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया। इस प्रोग्राम का आयोजन गैलवे फ्रेंचाइजी मां प्रेमा एसोसिएट के सौजन्य से किया गया, जहां ईडी गैलवियंस की दमदार उपस्थिति रही।

उन्होंने इस दौरान टीमवर्क की अहमियत को विस्तार से समझाया और बताया कि बिज़नेस में सफलता केवल व्यक्तिगत प्रयास से नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास से ही संभव है। जब सभी सदस्य एकजुट होकर काम करते हैं, तो बड़े लक्ष्य भी आसानी से हासिल हो सकते हैं।

इस प्रोग्राम में गैलवे लीडर्स और गैलवियंस की बड़ी संख्या मौजूद रही, जिन्होंने एक साथ मिलकर अपने बिज़नेस को नए आयाम देने की दिशा में काम करने का संकल्प लिया। टीमवर्क की शक्ति को समझते हुए, सभी ने अपने प्रयासों को एकजुट करने और साथ मिलकर सफलता की ऊँचाइयाँ छूने की दिशा में कदम बढ़ाने का फैसला किया।







# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Sunil Das (Regional Head)

## चित्रकूट

## गैलवे बिज़नेस के एजुकेशन प्रोग्राम का कोई तोड़ नहीं – सुनील दास




'गैलवे बिज़नेस की ट्रेनिंग क्लास को अगर आप एक बार अटैंड कर लेते हैं तो आप किसी भी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं। गैलवे बिज़नेस में आपको सिर्फ बिज़नेस करना ही नहीं, बल्कि हजारों लोगों के सामने अपनी बात रखना, लोगों के बीच अपना आदर्श स्थापित करना समेत कई ट्रेनिंग्स प्रदान की जाती हैं।' यह कहना है गैलवे के रीजनल हेड सुनील दास का।

हाल ही में उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के कर्वी टाउन में गैलवे फ्रेंचाइजी मां प्रेमा एसोसिएट के सौजन्य से आयोजित गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम में सुनील दास ने गैलवियंस को अपने प्रेरणादायक विचारों और ट्रेनिंग से नवाजा।

इस प्रोग्राम में सुनील दास ने गैलवियंस को विभिन्न विषयों पर ट्रेनिंग दी, जिसमें सबसे प्रमुख '4आर' पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने बताया कि इन चार मूल मंत्रों के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने बिज़नेस और व्यक्तिगत जीवन में सफलता हासिल कर सकता है।

सुनील दास ने गैलवियंस को यह भी समझाया कि सफलता सिर्फ अकेले की मेहनत से नहीं मिलती, बल्कि टीमवर्क और एकजुटता के साथ काम करने से ही असली परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। इसके अलावा, उन्होंने आत्मविश्वास, प्रेरणा, और सकारात्मक सोच की महत्वपूर्णता पर भी जोर दिया।

इस प्रोग्राम में गैलवे फ्रेंचाइजी अनिल त्रिपाठी, वीसी सदस्य मुर्शरफ अली, शाहिद शेख, दिनेश कुमार, जितेंद्र यादव, साहिल और अन्य गैलवे लीडर्स भी मौजूद रहे। सभी ने इस अवसर पर सुनील दास का स्वागत किया और उनके विचारों से प्रेरित होकर अपने बिज़नेस को और भी ऊँचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## मुरादाबाद

Franchiser
Ravi Prakash
(R.S. Associates)

## नई फ्रेंचाइजी में पहली बार धूमधाम के साथ मनाया गया प्रमोशन डे प्रोग्राम

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद शहर में स्थित गैलवे की नई फ्रेंचाइजी आर.एस. एसोसिएट्स ने पहली बार गैलवे प्रमोशन एवं अचीवमेंट डे को बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। यह आयोजन न केवल एक मील का पत्थर था, बल्कि सभी गैलवियंस के लिए प्रेरणा और उत्साह का स्रोत भी बन गया।

इस कार्यक्रम में फ्रेंचाइज़र रवि प्रकाश और बाबूलाल ने सभी अचीवर्स को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए स्टेज पर बुलाकर उन्हें सम्मानित किया। यह पल हर अचीवर के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण था। उन्होंने अपने शानदार कार्यों और समर्पण के लिए हर एक को सराहा और उनके योगदान को महत्व दिया। कार्यक्रम का संचालन वीसी सदस्य आलोक, भूपेंद्र और आरडी समीर ने संयुक्त रूप से किया। उनके मार्गदर्शन और संचालन से कार्यक्रम में एक अलग ही ऊर्जा और जोश का संचार हुआ।

इस मौके पर गैलवे लीडर उत्पल कुमार झा ने अपने मोटिवेटेड और जोश से भरे संबोधन से गैलवियंस में नई उमंग और उत्साह भर दिया। उन्होंने गैलवियंस को अपने लक्ष्य की ओर दृढ़ता से बढ़ने की प्रेरणा दी और सफलता के नए रास्तों पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया।







# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Ravi (RD)

## मुरादाबाद

### हॉट मार्केट को करें सबसे पहले अप्रोच - आरडी रवि



गैलवे बिज़नेस के माध्यम से एक गैलवियन को सिर्फ आर्थिक फायदे ही नहीं मिलते, बल्कि उसे घर, गाड़ी, दौलत, शोहरत और मान-सम्मान भी मिलता है।

कुछ ऐसा ही शानदार दृश्य देखा गया मुरादाबाद शहर में, जिसे पीतल नगरी के नाम से जाना जाता है। यहां गैलवे फ्रेंचाइजी आर.एस. एसोसिएट्स के सौजन्य से आयोजित किए गए एक विशेष प्रोग्राम में गैलवियंस को कई महत्वपूर्ण सीख और प्रेरणा मिली। इस प्रोग्राम में न सिर्फ उन्हें RRR के तहत मोटिवेट किया गया, बल्कि प्रमोशन डे के मौके पर उन्हें सम्मानित भी किया गया।

इस प्रोग्राम में आरडी रवि ने अपने पिताजी के साथ मिलकर गैलवियंस को हॉट मार्केट की अहमियत पर विस्तार से बताया। उन्होंने गैलवियंस को समझाया कि अपने बिज़नेस को बढ़ाने के लिए सबसे पहले हॉट मार्केट को अप्रोच करना कितना महत्वपूर्ण है। यह रणनीति उन्हें बिज़नेस में त्वरित सफलता दिलाने में मदद कर सकती है। इस कार्यक्रम में फ्रेंचाइजी की तरफ से नए वीसी सदस्य और शैरिफ टीम को उनके नए आईडी कार्ड भी दिए गए, जिससे उन्हें अपनी जिम्मेदारियों का एहसास हुआ और उन्हें अपने बिज़नेस में और अधिक संजीदगी से काम करने की प्रेरणा मिली।







## मुरादाबाद

Chief Guest - Anjali Yadav (Star GDD)

### गैलवे की पहली महिला स्टार जीडीडी ने किया गैलवियंस को संबोधित

गैलवे बिज़नेस एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां महिलाएं भी अपनी मेहनत और समर्पण के साथ न सिर्फ खुद को आत्मनिर्भर बना सकती हैं, बल्कि बिज़नेस के क्षेत्र में पुरुषों के समान सफलता की ऊंचाइयों को छू सकती हैं। इस मंच पर कई महिला गैलवियंस ने साबित किया है कि वे किसी भी चुनौती को स्वीकार कर अपने सपनों को साकार कर सकती हैं।

#### अंजली यादवः गैलवे की पहली महिला स्टार जीडीडी

इन सफल महिला गैलवियंस में से एक नाम है अंजली यादव, जो गैलवे की पहली महिला स्टार जीडीडी बनने का गौरव प्राप्त कर चुकी हैं। उन्होंने अपने अदम्य साहस, कड़ी मेहनत और टीमवर्क के माध्यम से इस मुकाम तक पहुंचने का सफर तय किया।

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद शहर में आयोजित ऑल आईआर मीटअप में अंजली यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर गैलवियंस को संबोधित किया। गैलवे फ्रेंचाइजी आर एस एसोसिएट्स के बैनर तले आयोजित इस प्रोग्राम में अंजली यादव ने गैलवियंस को सफलता के कई महत्वपूर्ण सूत्र दिए और उन्हें अपने बिज़नेस में और ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। अंजली यादव ने इस अवसर पर गैलवियंस को व्यक्तित्व विकास, लक्ष्य निर्धारण और टीमवर्क जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ट्रेनिंग दी। उनके अनुभव और सफलता की कहानी ने सभी उपस्थित गैलवियंस को प्रेरित किया और उन्हें अपने लक्ष्यों की ओर तेजी से बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।





#### फ्रेंचाइजर और गैलवे लीडर्स की उपस्थिति

इस कार्यक्रम में फ्रेंचाइज़र रवि प्रकाश समेत कई प्रमुख गैलवे लीडर्स और गैलवियंस भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी ने मिलकर अंजली यादव का सम्मान किया और उनके द्वारा दी गई प्रेरणा से अपने बिज़नेस को नई दिशा देने का संकल्प लिया।

# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Suraj Kumar (Star LDD)

## सीतापुर



Regional Head
Sunil Das



Zonal Head
Anil Kumar

Franchiser
Sunil Kumar Tiwari
(Moti Traders)

### सकारात्मक नजरिए से मिलती है सफलता – सूरज कुमार

उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मोती ट्रेडर्स के सौजन्य से आयोजित ऑल आईआर मीटअप में गैलवियंस को सफलता की ओर प्रेरित करने के लिए स्टार एलडीडी सूरज कुमार का विशेष संबोधन हुआ।

इस मीटअप के दौरान सूरज कुमार ने गैलवियंस से कहा, 'सकारात्मक नजरिया ही सफलता की कुंजी है।' उन्होंने बताया कि अगर आप अपने बिज़नेस में सकारात्मक सोच के साथ काम करेंगे, तो हर चुनौती को पार करना आसान हो जाएगा। उन्होंने गैलवियंस को यह भी समझाया कि सफलता पाने के लिए किसी एक व्यक्ति की मेहनत नहीं, बल्कि टीमवर्क और सहयोग की आवश्यकता होती है।

कार्यक्रम की शुरुआत में जोन के सभी गैलवे लीडर्स ने सूरज कुमार का जोरदार स्वागत किया और उनकी उपस्थिति को कार्यक्रम के लिए सम्मान का विषय बताया। इस मीटअप में एलडीडी उमेश राठौर, आरडी मनीष, दीपक, मुन्फ, संदीप, शाहरूख, और वीसी सदस्य दिवान सिंह, हिम्मत सिंह, हेम नॉटियाल, जितेंद्र मौर्या समेत कई गैलवियंस ने भाग लिया।





## सीतापुर

Chief Guest - Sunil Das (Regional Head)

### गैलवे बिज़नेस में ही आपका भविष्य है उज्जवल – सुनील दास

गैलवे बिज़नेस सिर्फ एक आम बिज़नेस नहीं, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जहां आपकी मेहनत और समर्पण के साथ आप विभिन्न प्रकार की इनकम के अवसर पा सकते हैं। रीजनल हेड सुनील दास ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में गैलवियंस को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि गैलवे बिज़नेस में इनकम के अलावा और भी कई अवसर हैं, जो आपकी वित्तीय स्थिति को मजबूत और आपके सपनों को पूरा करने में मदद करते हैं।

सुनील दास ने बताया, 'गैलवे बिज़नेस में सिर्फ एक साधारण इनकम ही नहीं, बल्कि हाउस बोनस, कार बोनस, ट्रेवल बोनस, रॉयल्टी जैसी कई अतिरिक्त कमाई के स्रोत हैं।' उन्होंने बताया कि इन अवसरों का पूरा फायदा उठाकर आप एक साथ कई तरह की इनकम पा सकते हैं और अपनी जीवनशैली को बेहतर बना सकते हैं।

गैलवे फ्रेंचाइजी मोती ट्रेडर्स के सौजन्य से आयोजित इस गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम में आरडी मनीष, दीपक, मुनाफ, सूरज, संदीप, और शाहरुख समेत कई गैलवे लीडर्स ने रीजनल हेड सुनील दास का स्वागत किया। सभी लीडर्स ने इस अवसर का भरपूर फायदा उठाने का संकल्प लिया और बिज़नेस की नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए एकजुट होकर काम करने की प्रेरणा ली।

कार्यक्रम के दौरान एलडीडी उमेश राठौर, वीसी सदस्य और अन्य गैलवे लीडर्स भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस प्रोग्राम को और भी प्रेरणादायक बनाया। सुनील दास की बातों ने गैलवियंस में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार किया और उन्हें इस बिज़नेस में सफलता के नए रास्ते दिखाए।





# उत्तर प्रदेश

## सीतापुर

Chief Guest - Ravi Prakash (RD)

### अपने आत्मविश्वास को हमेशा बनाए रखें – रवि प्रकाश

'किसी भी सफलता के लिए सबसे जरूरी चीज़ है आपका आत्मविश्वास।' यह कहना है मुरादाबाद फ्रेंचाइजी के फ्रेंचाइज़र रवि प्रकाश का। उन्होंने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में आयोजित गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम में गैलवियंस को प्रेरित करते हुए यह महत्वपूर्ण संदेश दिया कि आत्मविश्वास न केवल सफलता के दरवाजे खोलता है, बल्कि यह आपके हर कदम को मजबूत और स्थिर बनाता है।

उन्होंने कहा, 'अगर आपको यकीन है कि आप इस काम में जरूर सफल होंगे, तो आपको कोई भी ताकत सफल होने से नहीं रोक सकती।' लेकिन अगर आत्मविश्वास टूट जाए, तो असफलता की ओर बढ़ना आसान हो जाता है। उन्होंने गैलवियंस से आग्रह किया कि वे अपने आत्मविश्वास को हमेशा बनाए रखें और अपने लक्ष्य की ओर दृढ़ता से बढ़ते रहें। इस मौके पर गैलवे फ्रेंचाइजी मोती ट्रेडर्स के सभी लीडर्स ने रवि प्रकाश का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में एलडीडी उमेश राठौर, आरडी मनीष, दीपक, मुनाफ, सूरज, संदीप, शाहरुख, और वीसी सदस्य जैसे प्रमुख गैलवे लीडर्स भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस प्रोग्राम को और भी प्रेरणादायक बनाया।









## हापुड़



Regional Head
Mundrika Gop

Franchiser
Karan Singh
(Maa Laxmi Associate)

Chief Guest - Mithun Kumar (LDD)

### गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का भव्य आयोजन

उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां लक्ष्मी एसोसिएट के सौजन्य से ऑल आईआर मीटअप का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में एलडीडी मिथुन कुमार ने गैलवियंस को गैलवे बिज़नेस के विभिन्न पहलुओं पर प्रभावशाली ट्रेनिंग प्रदान की।

कार्यक्रम की शुरुआत में एलडीडी मिथुन कुमार द्वारा गैलवियंस को गैलवे बिज़नेस प्लान की विशेषताओं और इसके फायदों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि गैलवे बिज़नेस प्लान न केवल आय के कई स्रोत प्रदान करता है, बल्कि यह व्यक्तिगत विकास, नेटवर्किंग, और सफलता की दिशा में मार्गदर्शन भी करता है।

इस मीटअप में हापुड़ जोन के सभी प्रमुख गैलवे लीडर्स ने मिथुन कुमार का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान गैलवियंस ने गैलवे बिज़नेस के महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार साझा किए और सफलता प्राप्त करने की दिशा में अपने लक्ष्यों को निर्धारित किया।

इस अवसर पर वीसी सदस्य पृथ्वी सिंह, सचिन वर्मा, आरडी शनि मंसूरी, मोहन सिंह, अंशुल, मनीष पटेल समेत कई अन्य गैलवे लीडर्स और गैलवियंस उपस्थित रहे। सभी ने इस प्रोग्राम से प्रेरणा ली और अपने बिज़नेस को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया।







# उत्तर प्रदेश

## प्रयागराज

Franchiser
Ramashish Kumar
(Raja Rani Associate)

### संगम नगरी में मनाया गया प्रमोशन डे प्रोग्राम

संगम नगरी के नाम से मशहूर उत्तर प्रदेश का प्रयागराज शहर जय गैलवे-जय गैलवे के नारों से गूंजायमान हो उठा। क्योंकि मौका था अचीवर्स को सम्मानित करने का। गैलवे प्रमोशन एवं अचीवमेंट के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में सीनियर गैलवे लीडर्स की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ओर भी ज्यादा शानदार एवं जानदार बना दिया।

गैलवे फ्रेंचाइजी राजा रानी एसोसिएट के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में रैंक प्रमोशन अचीवर्स एवं गैलवे बिज़नेस के अन्य इनकम्स में अपनी पहचान पाने वाले अचीवर्स को गैलवे लीडर्स द्वारा स्टेज पर बुलाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर फ्रेंचाइजर रामाशीष कुमार, एलडीडी संदीप कुमार, आरडी निर्दोष यादव, आरडी शांतुन कुमार पासवान, विकास कुमार, राहुल यादव, नफीस, धीरज कुमार, राहुल कुमार यादव, मुकेश कुमार, गैलवे लीडर कन्हैया, प्रवीण, रौशन, रविंद्र, सुनील कुमार समेत कई गैलवे लीडर्स एवं गैलवियंस मौजूद रहे।







## मथुरा

Franchiser
Devabrat
(Indian Enterprises)

### गैलवे प्रमोशन एवं अचीवमेंट डे का भव्य आयोजन

भगवान कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा, उत्तर प्रदेश में गैलवे फ्रेंचाइजी इंडियन इंटरप्राइजेज के सौजन्य से गैलवे प्रमोशन और अचीवमेंट डे का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस खास अवसर पर आरडी गोविंद पासवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, जिन्होंने अचीवर्स को सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के दौरान, सितंबर माह में अपनी कड़ी मेहनत और लगन से अचीवमेंट प्राप्त करने वाले गैलवियंस को मंच पर बुलाया गया और उन्हें तालियों की गड़गड़ाहट के बीच माला पहनाकर सम्मानित किया गया। गैलवे लीडर्स ने अचीवर्स को बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरित किया और उनकी मेहनत को सराहा।

यह आयोजन न केवल गैलवियंस की सफलता का जश्न था, बल्कि गैलवे परिवार की एकता और समर्पण का भी प्रतीक बन चुका है। इस कार्यक्रम से सभी को प्रेरणा मिली कि कड़ी मेहनत और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

इस मौके पर फ्रेंचाइजी देवव्रत धर द्विवेदी, आरडी रंजीत तिवारी, शक्तिधर द्विवेदी, रजनीश कुमार यादव, करण रावत, अजय पासवान, अंकित पासवान, अंकित राजपूत, वीर प्रताप राना समेत कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस मौजूद रहे।

इस आयोजन ने गैलवे परिवार के सदस्यों को यह संदेश दिया कि सफलता केवल मेहनत और समर्पण से ही प्राप्त की जा सकती है।

Chief Guest - Govind Paswan (RD)









# उत्तर प्रदेश

## हरदोई



Regional Head
Sunil Das



Zonal Head
Anil Kumar

Franchiser
Munna Paswan
(Bhartiya Associates)

## असली उड़ान तो अभी बाकी है - रानी पाल (एलडीडी)

Chief Guest - Rani Pal (LDD)











गैलवे बिज़नेस में एलडीडी रैंक की प्रमोशन अचीव करने वाली महिलाओं में एक नाम प्रमुख है रानी पाल।

उनकी यह सफलता उनके आत्मविश्वास, समर्पण और भविष्य के प्रति दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। रानी पाल ने गैलवे बिज़नेस में अपनी यात्रा को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाया है और उनके इस दृष्टिकोण ने उन्हें सफलता के रास्ते पर और भी मजबूती से खड़ा किया है।

उत्तर प्रदेश के हरदोई शहर में आयोजित गैलवे प्रमोशन और अचीवमेंट डे के मौके पर न्यू एलडीडी रानी पाल को गैलवे लीडर्स द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर अन्य रैंक अचीवर्स को भी स्टेज पर बुलाकर माला पहनाकर और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

इस आयोजन में मौजूद गैलवियंस ने अचीवर्स के सम्मान में तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य में और ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर नरेंद्र मेहता, आशीष, शिवम समेत कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस उपस्थित रहे। इस सम्मान समारोह ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और समर्पण से हर किसी के सपने साकार हो सकते हैं।

## कासगंज

Franchiser
Shubham Singh
(Mahakaleshwar Enterprises)

## मेहनत और ईमानदारी से करें अपने सपनों को साकार – सोहेल खान

Chief Guest - Sohel Khan (Star GDD)





आपकी सफलता आपकी मेहनत और ईमानदारी पर निर्भर करती है। आप जितनी ज्यादा मेहनत करेंगे, उतनी ज्यादा सफलता की मंजिल पाने के चांसेस बढ़ेंगे। लेकिन अगर आपने लोगों की निगेटिव बातों में आकर अपने कदम पीछे हटाने शुरु कर दिए तो फिर आपको निश्चय ही असफलता का सामना करना पड़ेगा।

यह प्रेरणादायक विचार हैं, स्टार जीडीडी सोहेल खान के।

उत्तर प्रदेश के कासगंज में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी महाकालेश्वर इंटरप्राइजेज के सौजन्य से आयोजित इस गैलवे एजुकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम में सोहेल खान ने गैलवियंस को बहुत ही रोचक और प्रभावशाली तरीके से ट्रेनिंग प्रदान की। इस मौके पर गैलवियंस को अपने बिज़नेस को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए।

कार्यक्रम में फ्रेंचाइज़र शुभम सिंह, वीसी सदस्य अंकित गुप्ता, रोहित जायसवाल, राजू यादव, गोलू दुबे समेत कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस ने शिरकत की। इस मौके पर उपस्थित सभी ने कार्यक्रम से प्रेरणा लेते हुए अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



# उत्तर प्रदेश

Chief Guest – Abdul Rab (Star LDD) & Ashish Sengar (Franchisor, Arnab Associates, Etawah)

## कासगंज

## गैलवे बिज़नेस को समझना है तो ट्रेनिंग क्लास अटैंड करें -अब्दुल रब

जिस तरह से अच्छी किताबें एक दिन में समझ नहीं आती हैं, इसके लिए उन्हें पढ़ना पड़ता है, उसी तरह से गैलवे बिज़नेस सिर्फ एक दिन में समझ में आने वाला बिज़नेस नहीं है। इसके लिए गैलवे बिज़नेस की हर ट्रेनिंग क्लास को अटैंड करना जरूरी है। अगर आप हर ट्रेनिंग क्लास को अटैंड कर लेते हैं, तो आपको गैलवे बिज़नेस समझाने के लिए किसी की भी जरूरत नहीं होती है।

यह कहना था स्टार एलडीडी अब्दुल रब का, जिन्होंने अपनी प्रेरणादायक ट्रेनिंग से गैलवियंस को सफलता की राह पर चलने के लिए जरूरी टिप्स दिए।

उत्तर प्रदेश के कासगंज में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी महाकालेश्वर इंटरप्राइजेज के सौजन्य से आयोजित गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम में स्टार एलडीडी अब्दुल रब एवं इटावा जोन के फ्रेंचाइजर आशीष सेंगर ने गैलवियंस को बताया कि संपूर्ण गैलवे बिज़नेस को समझने के लिए ट्रेनिंग क्लासेस में लगातार भाग लेना बेहद जरूरी है। उन्होंने इसे एक लंबी यात्रा के समान बताया, जिसमें लगातार सीखना और समझना सफलता की कुंजी है।

इस कार्यक्रम में फ्रेंचाइज़र शुभम सिंह, एलडीडी राजू यादव, वीसी सदस्य रोहित जायसवाल, नंदलाल पटेल समेत कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस ने शिरकत की। सभी ने इस प्रेरणादायक ट्रेनिंग से अपने बिज़नेस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।











## लखनऊ

Chief Guest - Naseem Akhtar (GDD) & Md. Rahmat Raza (GDD)



Zonal Head
Naseem Akhtar

Franchiser
Sachidanand Patel
(Tridev Associates)

Vc Event Head
Saurav Kumar
(RD)

## अलग-अलग ट्रेनिंग सेशन में गैलवियंस को मिले सफलता के सूत्र

उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी त्रिदेव एसोसिएट्स के सौजन्य से एक शानदार गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य गैलवियंस को गैलवे बिज़नेस प्लान और सफलता के लिए आवश्यक कौशल से संबंधित ट्रेनिंग प्रदान करना था।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीडीडी नसीम अख्तर और जीडीडी मो. रहमत रजा उपस्थित हुए। दोनों गैलवे लीडर्स ने अपनी मोटिवेशनल स्पीच और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के जरिए गैलवियंस को सफलता के कई महत्वपूर्ण सूत्र प्रदान किए। उनके द्वारा किए गए अलग-अलग ट्रेनिंग सत्रों ने गैलवियंस को न केवल प्रेरित किया, बल्कि उन्हें गैलवे बिज़नेस प्लान के बारीकियों को समझने में भी मदद की।

कार्यक्रम की शुरुआत में जोन के सभी गैलवे लीडर्स ने मुख्य अतिथियों का जोरदार स्वागत किया और गैलवियंस को प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही फ्रेंचाइजर सच्चिदानंद पटेल समेत कई वीसी सदस्य और गैलवे लीडर्स ने कार्यक्रम में शिरकत की। सभी ने इस अवसर का लाभ उठाकर गैलवे बिज़नेस को और अधिक समझने का संकल्प लिया।







# उत्तर प्रदेश

Chief Guest - Naseem Akhtar (GDD), Md. Rahmat Raza (GDD) & Fahim Anwar (LDD)

## उन्नाव

Franchiser
Ayaj
(Aaysha Associates)





## एक साथ तीन जीडीडी से मिले गैलवियंस को सफलता के सूत्र

उत्तर प्रदेश के उन्नाव शहर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी आयशा एसोसिएट्स द्वारा एक प्रेरणादायक गैलवे एजुकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य गैलवियंस को मोटिवेशन और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग प्रदान करना था, जिससे वे अपने बिज़नेस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकें।

प्रोग्राम में तीन प्रमुख गैलवे जीडीडी लीडर्स की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया। जीडीडी नसीम अख्तर, जीडीडी मो. रहमत रजा और एलडीडी फहीम अनवर ने अपनी मोटिवेशनल ट्रेनिंग और बिज़नेस टिप्स के जरिए गैलवियंस में जोश और उत्साह का संचार किया।

इनके द्वारा दी गई ट्रेनिंग ने गैलवियंस को अपने लक्ष्य को पाने के लिए एक नई दिशा और दृष्टिकोण दिया।

तीनों लीडर्स ने गैलवियंस को गैलवे बिज़नेस के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही, उन्होंने गैलवियंस के सवालों के भी उत्तर दिए और उन्हें अपने बिज़नेस में आने वाली चुनौतियों से निपटने के उपाय बताए। गैलवियंस के लिए यह सत्र बेहद फायदेमंद साबित हुआ, क्योंकि उन्होंने बिज़नेस की बारीकियों को गहराई से समझा और सफलता के कई रास्तों पर विचार किया।

इस मौके पर फ्रेंचाइजर एयाज और सभी वीसी सदस्य ने तीनों लीडर्स का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रोग्राम का समापन गैलवियंस के नई उम्मीद और प्रेरणा के साथ हुआ, जिन्होंने अपने लक्ष्य की ओर दृढ़ संकल्प के साथ कदम बढ़ाने का संकल्प लिया।







# झारखंड

Chief Guest - Sanmol Kumar (Star GDD)

## देवघर



Regional Head
Mundrika Gop

Franchiser
Bhairav Mahto
(Maa Dhan Laxmi Associate)

Vc Event Head
Nandan Kumar
(RD)

## जबरदस्त ट्रेनिंग ने किया सफलता की राह को प्रशस्त

झारखंड के देवघर शहर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां धन लक्ष्मी एसोसिएट के सौजन्य से एक प्रेरणादायक गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में स्टार जीडीडी सनमोल कुमार ने अपनी जबरदस्त ट्रेनिंग से गैलवियंस में जोश और जुनून का संचार किया, जिससे सभी ने अपनी सफलता की दिशा में एक कदम और बढ़ाया।

इस मौके पर जोन के सभी गैलवे लीडर्स ने सनमोल कुमार का जोरदार स्वागत किया और उनका सम्मान किया। सनमोल कुमार ने गैलवियंस को गैलवे बिज़नेस प्लान, रिजेक्शन और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गहराई से ट्रेनिंग दी। उनके द्वारा दी गई ट्रेनिंग ने गैलवियंस को न सिर्फ मोटिवेट किया, बल्कि उन्हें अपने बिज़नेस को नए स्तर पर ले जाने के लिए जरूरी दिशा और रणनीतियों के बारे में भी समझाया।

इस ट्रेनिंग के दौरान गैलवियंस ने अपने सवालों के जवाब पाए और अपने व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं को स्पष्ट किया। सनमोल कुमार ने उन्हें यह सिखाया कि रिजेक्शन और चुनौतियों से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि ये अवसर होते हैं जो सफलता की ओर मार्गदर्शन करते हैं।





# झारखंड

Chief Guest - Ram Awtar Kumar (Franchisor, R K Enterprises, Pundag)

**देवघर**

## निगेटिविटी से मिलती है असफलता – राम अवतार कुमार



झारखंड के देवघर, बाबा बैद्यनाथ की पवित्र नगरी में गैलवे फ्रेंचाइजी मां धन लक्ष्मी एसोसिएट के सौजन्य से एक प्रेरणादायक गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में आरके इंटरप्राइजेज के फ्रेंचाइजर राम अवतार कुमार ने गैलवियंस को अपने बिज़नेस से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर ट्रेनिंग प्रदान की।

राम अवतार कुमार ने अपने संबोधन में गैलवियंस को यह संदेश दिया कि, 'गैलवे बिज़नेस में अपने सपनों को साकार करने के लिए आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा की आवश्यकता होती है।' उन्होंने बताया कि यदि आप नकारात्मक सोच और निगेटिविटी को अपने ऊपर हावी होने देंगे, तो आपके सफल होने के अवसर सीमित हो जाएंगे। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए मानसिक तौर पर मजबूत और सकारात्मक रहना बहुत जरूरी है।

प्रोग्राम के दौरान, राम अवतार कुमार ने गैलवियंस को गैलवे बिज़नेस प्लान, स्व-प्रेरणा और संघर्ष के बावजूद सफलता प्राप्त करने की विधियों पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने यह भी बताया कि निगेटिव विचारों और बाहरी दबाव से बचने का सबसे अच्छा तरीका खुद पर विश्वास रखना है।

इस अवसर पर जोन के सभी गैलवे लीडर्स ने राम अवतार कुमार का जोरदार स्वागत किया। फ्रेंचाइजर भैरव महतो समेत कई अन्य गैलवे लीडर्स और गैलवियंस ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और उन्होंने राम अवतार कुमार के विचारों और मार्गदर्शन से प्रेरणा प्राप्त की।

इस प्रोग्राम ने सभी गैलवियंस को यह सिखाया कि निगेटिव सोच और संदेह से बचने के साथ-साथ आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ ही सपनों को पूरा किया जा सकता है।

**देवघर**

Chief Guest - Sanmol Kumar (Star GDD)

## सफलता की पहली सीढ़ी है आपका आत्मविश्वास – सनमोल कुमार



झारखंड के देवघर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां धन लक्ष्मी एसोसिएट के सौजन्य से एक प्रेरणादायक गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें स्टार जीडीडी सनमोल कुमार ने गैलवियंस को सफलता के कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर ट्रेनिंग दी।

उन्होंने गैलवियंस से कहा, 'आपकी सफलता की पहली सीढ़ी है आपका आत्मविश्वास।' उन्होंने यह भी बताया कि जब हम किसी ऐसे काम को करते हैं, जिसमें असफल होने वालों की संख्या सफल होने वालों से ज्यादा हो, तो आत्मविश्वास डगमगाना स्वाभाविक है। ऐसे समय में आत्मविश्वास बनाए रखना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि अगर आपका आत्मविश्वास डगमगाया, तो आपकी क़ामयाबी का डगमगाना तय है।'

इस प्रोग्राम के दौरान, सनमोल कुमार ने गैलवियंस से कई अहम मुद्दों पर बात की और उनके सवालों के भी जवाब दिए। इस सत्र में फ्रेंचाइजर भैरव महतो, गैलवे लीडर्स रामकुमार, गीता, अमरजीत, विकास और कई अन्य गैलवियंस ने भाग लिया और ट्रेनिंग से खूब प्रेरणा ली।

इस कार्यक्रम ने सभी को यह याद दिलाया कि आत्मविश्वास ही वह शक्ति है, जो हमें किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करती है। यह प्रोग्राम गैलवियंस के लिए एक प्रेरणास्त्रोत साबित हुआ, जो उन्हें अपने सपनों को हासिल करने के लिए और भी प्रेरित करता है।



# झारखंड

Chief Guest - Anil Kumar (LDD)

## गोमोह



Regional Head
Nishant Nath Sah



Zonal Head
Nandelal Kumar

Franchiser
Jitendra Kumar
(M/S Jitendra Enterprises)

## सफलता के लिए उत्साह को बनाए रखें -अनिल कुमार

झारखंड के गोमोह जिले में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मेसर्स जितेंद्र एसोसिएट के सौजन्य से ऑल आईआर एवं लीडर्स मीटअप का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में गैलवियंस की मजबूत उपस्थिति ने वातावरण में जोश और उत्साह का संचार किया, जिससे एक सकारात्मक माहौल बना।

इस मौके पर एलडीडी अनिल कुमार ने गैलवियंस को प्रेरित करने के लिए अपनी प्रभावशाली ट्रेनिंग दी। उन्होंने गैलवियंस से कहा, 'सफलता पाने के लिए उत्साह और जोश बनाए रखना जरूरी है। जब तक आपके अंदर उत्साह है, तब तक कोई भी लक्ष्य दूर नहीं है।' अनिल कुमार ने यह भी बताया कि सफलता के मार्ग में निरंतर उत्साह और ऊर्जा बनाए रखना ही उसे प्राप्त करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है।

इस कार्यक्रम में फ्रेंचाइजर जितेंद्र कुमार, वीसी सदस्य तनवीर, सुशील, मुन्ना, वासुदेव, दिलीप और कई अन्य गैलवे लीडर्स ने भी हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर इस मीटअप को सफल बनाने में योगदान दिया और गैलवियंस को उनके लक्ष्य की ओर प्रेरित किया।







## गोमोह

Chief Guest - Janardhan Prasad Gupta (Director, PR & Discipline)

## लीडर्स को सिखाई लीडरशिप डेवलपमेंट की परिभाषा

झारखंड के गोमोह जोन के गैलवे लीडर्स के लिए एक लीडरशिप मीटअप का आयोजन किया गया। यह मीटअप बिहार के भागलपुर जोन में स्थित मिनी फ्रेंचाइजी जे.पी. एसोसिएट के ऑफिस में आयोजित की गई।

इस मीटअप में डायरेक्टर (एजुकेशन एवं ट्रेनिंग) जनार्दन प्रसाद गुप्ता ने गैलवे लीडर्स को लीडरशिप डेवलपमेंट की परिभाषा प्रदान की और उन्हें बताया कि एक सशक्त नेता बनने के लिए क्या-क्या गुण जरूरी होते हैं। उन्होंने लीडर्स को अपने कर्तव्यों की समझ और उसे सही दिशा में लागू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गैलवे लीडर्स को यह समझाया कि एक अच्छा लीडर सिर्फ दिशा देने वाला नहीं, बल्कि दूसरों को भी अपने साथ चलने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने नेतृत्व की कला और संगठन को मजबूत बनाने के लिए जरूरी कदमों पर भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर गोमोह फ्रेंचाइजी मेसर्स जितेंद्र इंटरप्राइजेज के फ्रेंचाइजर जितेंद्र कुमार, वीसी सदस्य तनवीर अंसारी, सुशील, मुन्ना, वासुदेव, दिलीप समेत कई अन्य गैलवे लीडर्स मौजूद थे। सभी ने मिलकर इस मीटअप को सफल बनाने में योगदान दिया और अपने विचार साझा किए।










# झारखंड

Chief Guest - Dhirendra Kumar (GDD)

## गोमोह

### डाउनलाइन और अपलाइन के संयुक्त प्रयास से मिलती है सफलता





गैलवे बिज़नेस में अपलाइन और डाउनलाइन दोनों की भूमिकाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। अपलाइन की जिम्मेदारी होती है कि वह अपनी डाउनलाइन को हर परिस्थिति में मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करें, वहीं डाउनलाइन का कर्तव्य होता है कि वह अपनी अपलाइन का सम्मान करें और उनके मार्गदर्शन का गंभीरता से पालन करें। जब दोनों मिलकर काम करते हैं, तभी सफलता की असली परिभाषा को समझ सकते हैं।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, झारखंड के गोमोह शहर में एक डाउनलाइन और अपलाइन के संयुक्त मीटअप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गैलवे फ्रेंचाइजी मेसर्स जितेंद्र इंटरप्राइजेज के सौजन्य से हुआ, जिसमें गैलवे जीडीडी धीरेंद्र कुमार ने डाउनलाइन और अपलाइन दोनों को संबोधित किया और उन्हें सफलता के असली मंत्रों से अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान, फ्रेंचाइज़र जितेंद्र कुमार और उनके वीसी सदस्य, साथ ही अन्य गैलवे लीडर्स भी उपस्थित थे, जिन्होंने मीटअप को सफल और ज्ञानवर्धक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम ने सभी उपस्थित गैलवियंस को यह समझाया कि सही दिशा में सामूहिक प्रयास से ही सफलता प्राप्त होती है।

## गोमोह

### 3 R के तहत आयोजित हुआ ट्रेनिंग प्रोग्राम






गैलवे कंपनी द्वारा हर माह गैलवियंस के लिए बेहतरीन ऑफर्स की घोषणा की जाती है, जो न केवल उनकी इनकम बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि उनके सपनों को भी साकार करने में मदद करते हैं। इन ऑफर्स के तहत गैलवियंस विदेश यात्रा जैसे बड़े सपनों को पूरा कर सकते हैं। सीडी से लेकर जीडीडी तक, सभी रैंक के गैलवियंस के लिए विशेष ऑफर्स होते हैं, जिन्हें अचीव करने पर उन्हें कंपनी और फ्रेंचाइजी स्तर पर सम्मानित किया जाता है।

इसी क्रम में, झारखंड के गोमोह में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मेसर्स जितेंद्र इंटरप्राइजेज के सौजन्य से एक विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में गैलवे लीडर्स ने गैलवियंस को Recharge, Reward और Recognition के तहत उपलब्ध ऑफर्स और उनके फायदे के बारे में जानकारी दी। साथ ही, जिन्होंने इन ऑफर्स को अचीव किया, उन्हें सम्मानित भी किया गया।

इस कार्यक्रम में फ्रेंचाइजर जितेंद्र कुमार समेत कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस उपस्थित रहे, जिन्होंने इस मीटअप को सफल और प्रेरणादायक बनाने में योगदान दिया।

# झारखंड

## मधुपुर

Franchiser
Rakesh Kumar Rawat
(Maa Bhawani Traders)

### मंथली ऑफर्स अचीवर्स के सम्मान में आयोजित हुई डिनर पार्टी




झारखंड के मधुपुर शहर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां भवानी ट्रेडर्स (MPR) के सौजन्य से एक शानदार ऑल आईआर मीटअप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में फ्रेंचाइजर राकेश कुमार रावत ने 'हाउ टू अप्रोच क्लास' ट्रेनिंग द्वारा सभी गैलवियंस को अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने का सही मार्ग दिखाया। इसके बाद, आरडी अरुण कुमार ने अपनी प्रेरणादायक शेयरिंग से गैलवियंस को जोश और उत्साह के साथ प्रमोशन पाने के लिए प्रेरित किया।





मीटअप के बाद, फ्रेंचाइजी की ओर से मंथली ऑफर अचीवर्स के लिए एक विशेष डिनर पार्टी का आयोजन किया गया। यह डिनर पार्टी शहर के प्रसिद्ध होटल 'आदित्य इन' में आयोजित की गई, जहाँ अचीवर्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में फ्रेंचाइजर राकेश कुमार रावत, आरडी अरुण कुमार, और अमरजीत, गोविंद, अंकित, बबिता, योगेश, अंजनी, रूपेश, सत्यम समेत कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस मौजूद थे। यह आयोजन गैलवे परिवार के बीच उत्साह और प्रेरणा का संदेश लेकर आया।

## मधुपुर

### धूमधाम के साथ मनाया गया प्रमोशन एवं अचीवमेंट डे प्रोग्राम

Chief Guest - Pawan Kumar Yadav (District Vice President, Deoghar BJP), Sanmol Kumar (Star GDD), Rupesh Roy (GDD), Manoj Yadav (GDD), Nitish Kumar (LDD), Bhairav Mahto (LDD)

झारखंड के मधुपुर शहर में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां भवानी ट्रेडर्स में गैलवे प्रमोशन एवं अचीवमेंट डे का शानदार आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गैलवियंस को सम्मानित करने के लिए श्री पवन कुमार यादव (जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, देवघर), स्टार जीडीडी सनमोल कुमार, जीडीडी रुपेश रॉय, मनोज यादव, एलडीडी नीतीश कुमार और भैरव महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

इस विशेष मौके पर सभी मुख्य अतिथियों ने अचीवर्स को सम्मानित किया और उन्हें गैलवे बिज़नेस में अपने सपनों को पूरा करने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान तीन नए वीसी सदस्य अमरजीत, बबीता मरांडी और गोविंद राठौर को उनके कार्यभार सौंपे गए और उन्हें उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही, 8 शैरिफों को भी सम्मानित किया गया, जिन्हें उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

श्री पवन कुमार यादव ने अपने संबोधन में गैलवे के बढ़ते विश्वास और प्रोडक्ट्स की दमदार क्वालिटी के बारे में बात की। कार्यक्रम में फ्रेंचाइजर राकेश कुमार रावत, स्टार आरडी रामसिंह, योगेश, रुपेश, अंजली, अंकित, सत्यम, बाबू लाल, अनिल, महेश्वर, विपिन कुमार, कैलाश कुमार, राजकुमार, सूरज कुमार, सुष्मिता मुर्मू, लक्ष्मी मुंडा समेत कई अन्य गैलवे लीडर्स और गैलवियंस की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल और प्रेरणादायक बना दिया।










# झारखंड

Chief Guest - Bahadur Yadav (LDD)

## मधुपुर

### सफल होने के लिए संघर्ष और समर्पण है जरूरी



झारखंड के मधुपुर जिले में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मां भवानी ट्रेडर्स के सौजन्य से एक प्रेरणादायक ऑल आईआर मीटअप का आयोजन किया गया। इस मीटअप में गैलवियंस को संबोधित करने और उन्हें सफलता की ओर प्रेरित करने के लिए एलडीडी बहादुर यादव विशेष रूप से उपस्थित हुए।

ट्रेनिंग की शुरुआत में, जोन के सभी गैलवे लीडर्स ने बहादुर यादव का जोरदार स्वागत किया और उनका सम्मान किया। इस दौरान, बहादुर यादव ने गैलवियंस को ड्रीम, संघर्ष, और समर्पण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहरी ट्रेनिंग दी, जिससे सभी में सफलता की ओर बढ़ने के लिए जोश और जुनून का संचार हुआ।

इस मौके पर फ्रेंचाइजर राकेश रावत, आरडी अमरजीत, गोविंद, अंकित, बबिता, योगेश, अंजनी, रुपेश, सत्यम, लालबाबू और कई अन्य गैलवे लीडर्स एवं गैलवियंस मौजूद रहे। यह मीटअप सभी के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन गया, जो उन्हें अपने सपनों की ओर और भी मजबूत कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।



# मध्य प्रदेश

Chief Guest - Santraj Kumar (Star GDD)

## ग्वालियर

Franchiser
Rahul Kumar
(R. S. J. M. D. Associate)

### सीनियर लीडर ने गैलवियंस को दिए सफलता के सूत्र



महान संगीतज्ञ तानसेन की जन्मभूमि ग्वालियर, मध्य प्रदेश में गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस प्रोग्राम का आयोजन स्थानीय गैलवे फ्रेंचाइजी आर.एस.जे.एम.डी. एसोसिएट के सौजन्य से किया गया, जिसमें गैलवियंस के लिए प्रेरणादायक सत्र आयोजित किए गए।



इस प्रोग्राम में स्टार जीडीडी संतराज कुमार की उपस्थिति ने कार्यक्रम में नई ऊर्जा का संचार किया। संतराज कुमार ने गैलवियंस को अपनी सफल यात्रा के अनुभवों से अवगत कराते हुए उन्हें सफलता प्राप्त करने के सूत्र दिए। उनकी प्रेरणादायक बातें गैलवियंस में जोश और जुनून को और भी बढ़ा गईं।

प्रोग्राम के दौरान गैलवे लीडर्स ने संतराज कुमार का जोरदार स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर फ्रेंचाइजर राहुल कुमार समेत अन्य गैलवे लीडर्स और गैलवियंस की मौजूदगी ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।

संतराज कुमार ने गैलवियंस को गैलवे बिजनेस प्लान, मार्गदर्शन और उत्साह के बारे में विस्तार से ट्रेनिंग दी, जिससे सभी गैलवियंस को अपने सपनों को साकार करने की नई दिशा मिली।



# बिहार

## दरभंगा



Regional Head
Punit Pranay



Zonal Head
Upendra Kumar

Franchiser
Santosh Kumar Suman
(Satyamev Associates)

VC Event Head
Manjit Kumar (RD)

### ट्रेनिंग प्रोग्राम में उत्साहपूर्वक शामिल हुए गैलवियंस

बिहार के दरभंगा जिले में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी सत्यमेव एसोसिएट्स के सौजन्य से गैलवे प्रमोशन एवं अचीवमेंट डे का शानदार आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में फ्रेंचाइजी संतोष कुमार सुमन ने गैलवियंस को सम्मानित किया और साथ ही उन्हें कई महत्वपूर्ण विषयों पर ट्रेनिंग भी दी।

इस मौके पर गैलवियंस ने उत्साह और जोश के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे कार्यक्रम में और भी ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ। फ्रेंचाइजी ने गैलवियंस को अपने सपनों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने लक्ष्य की ओर मजबूत कदम बढ़ाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में आरडी एवं वीसी सदस्य रतन, उदय, महेश, ज्योति, खुशबू, रूपा, मुकेश समेत कई गैलवे लीडर्स एवं गैलवियंस उपस्थित रहे। सभी ने इस प्रेरणादायक प्रोग्राम का हिस्सा बनकर अपने ज्ञान और अनुभव को साझा किया, जिससे गैलवियंस के आत्मविश्वास और मेहनत की ऊर्जा और भी बढ़ी।











## दरभंगा

### संतोष कुमार सुमन ने दिए सफल बनने के सूत्र



अक्टूबर माह की शुरुआत दरभंगा जोन के गैलवियंस के लिए नए उत्साह और ऊर्जा का संचार लेकर आई, जब यहां गैलवे प्रमोशन और अचीवमेंट डे का शानदार आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन गैलवे फ्रेंचाइजी सत्यमेव एसोसिएट के सौजन्य से हुआ, जहां अचीवर्स को सम्मानित करने के साथ-साथ उन्हें गैलवे बिज़नेस के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी ज्ञान दिया गया।



इस मौके पर अचीवर्स को माला पहनाकर और गिफ्ट देकर उनका सम्मान किया गया। उनकी कड़ी मेहनत और सफलता को सराहा गया, जिससे उन्हें और उनके साथ-साथ सभी गैलवियंस को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा मिली।

कार्यक्रम में संतोष कुमार सुमन ने अपने प्रेरणादायक संबोधन से सभी गैलवियंस में सफलता की ओर कदम बढ़ाने के लिए नई ललक और जुनून भर दिया। उनके विचारों ने सभी को अपने लक्ष्य की ओर और अधिक प्रेरित किया।

इस शानदार आयोजन में कई प्रमुख गैलवे लीडर्स और वीसी सदस्य भी मौजूद थे, जिनमें शामिल थे वीसी ट्रेनिंग हेड सुधीर कुमार, आरडी रतन कुमार, मिथलेश कुमार, संजय शेरवानी, बुलेंद्र कुमार, राजेश कुमार, नीतीश कुमार, रविकांत कुमार, पुनीत कुमार, वीसी सदस्य मुकेश और ज्योति कुमार।

# बिहार

## बेगुसराय



Regional Head
Punit Pranay



Zonal Head
Pinkesh Kumar Yadav

Franchiser
Sangam Kumari
(R S Traders)

Vc Event Head
Sangam Kumari
(RD)

### गैलवे लीडर्स के साथ बिज़नेस पर विचार-विमर्श

बिहार के बेगुसराय जिले में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी आर एस ट्रेडर्स के सौजन्य से गैलवे लीडर्स मीटअप का आयोजन किया गया। इस मीटअप में गैलवे लीडर्स ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया और आगामी योजनाओं पर चर्चा की।

इस अवसर पर सीनियर गैलवे लीडर्स ने अन्य लीडर्स से पिछली महीने के टारगेट की समीक्षा करते हुए, उन पर चिंतन किया। साथ ही, यह संकल्प लिया कि इस महीने सभी निर्धारित टारगेट को पूरा करने के लिए पूरी मेहनत की जाएगी।

स्टार एलडीडी लाल सक्सेना और फ्रेंचाइज़र रजनीश राज ने गैलवे लीडर्स के साथ मिलकर अक्टूबर महीने की रणनीतियों और योजनाओं पर चर्चा की। इस मीटअप में सभी ने तय किया कि निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे।









## बेगुसराय

Chief Guest - Rajnish Raj (LDD)

### बड़ी सोच और मेहनत से बदलें दुनिया - एलडीडी रजनीश राज

गैलवे फ्रेंचाइजी आर एस ट्रेडर्स द्वारा आयोजित प्रमोशन डे में एलडीडी रजनीश राज ने गैलवियंस को प्रेरित करते हुए कहा, 'अगर दुनिया में कुछ बड़ा करना है, तो आपको बड़ी सोच और खुले दिल से मेहनत करने की जरूरत है। सपने तब सच होते हैं जब आप उन्हें हकीकत में बदलने का साहस और समर्पण रखते हैं।'

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गैलवियंस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर उन्हें कई प्रेरणादायक और महत्वपूर्ण ट्रेनिंग प्रदान की गई, जिससे वे अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक लक्ष्यों को और अधिक बेहतर तरीके से प्राप्त कर सकें।

इस कार्यक्रम में प्रमुख गैलवे लीडर्स जैसे वीसी सदस्य दीपक कुमार, अरविंद कुमार, रविंद्र कुमार, बृजेश कुमार, आरडी अविनाश कुमार, राहुल कुमार, सत्यम कुमार, कौशल कुमार, राजीव मोदी, पंकज कुमार, माइकल, सुमित्रा कुमारी समेत कई अन्य महत्वपूर्ण गैलवियंस भी मौजूद थे। सभी ने इस आयोजन में हिस्सा लिया और अचीवर्स को उनके आगामी लक्ष्यों की ओर प्रेरित किया।







# बिहार

Chief Guest - Rajkumar (RD)

## बेगुसराय

### संघर्ष ही लीडर को बनाता है – राजकुमार



किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना उतना आसान नहीं होता जितना कि हम सोचते हैं। लेकिन अगर आपकी सोच में दृढ़ता है और आप संघर्ष से घबराते नहीं हैं, तो सफलता आपके लिए आसान हो जाती है। जब कभी सफलता की राह में समस्याएं आएं, तो उनका समाधान ढूंढें और अपने सपनों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ें। यह प्रेरणादायक संदेश था गैलवे लीडर राजकुमार का, जो बिहार के औद्योगिक नगर बेगुसराय में गैलवियंस को ट्रेनिंग दे रहे थे।

गैलवे फ्रेंचाइजी आर एस ट्रेडर्स के सौजन्य से आयोजित गैलवे एजुकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम में राजकुमार ने गैलवियंस को कई महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन और प्रेरणा दी। इस दौरान, उन्होंने संघर्ष के महत्व को समझाया और बताया कि सफलता हासिल करने के लिए हमें निरंतर मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है।

कार्यक्रम में फ्रेंचाइजर रजनीश राज, वीसी सदस्य दीपक कुमार, अरविंद कुमार, बृजेश कुमार, रविंद्र कुमार समेत अन्य आरडी और गैलवे लीडर्स भी मौजूद थे। सभी ने गैलवियंस को उनके लक्ष्यों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया और सफलता के नए रास्ते सुझाए।

## बेगुसराय

Chief Guest - Sangam Kumari (RD)

### नवरात्रि के अवसर पर नारी शक्ति की प्रेरणादायक मिसाल





नवरात्रि के इस पावन पर्व पर जब पूरे देश में मां दुर्गा की उपासना हो रही है, उसी समय गैलवे की नारी शक्ति ने अपनी प्रेरणादायक ट्रेनिंग से गैलवियंस में सफलता का जज्बा भर दिया। बिहार के बेगुसराय स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी आर एस ट्रेडर्स की फ्रेंचाइजर संगम कुमारी ने उपस्थित गैलवियंस को मोटिवेशनल ट्रेनिंग प्रदान की।

इस अवसर पर संगम कुमारी ने गैलवियंस से कहा, 'आज भारत की नारी हर क्षेत्र में अपने परचम लहरा रही है। अब कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहाँ महिलाओं ने अपनी छाप न छोड़ी हो।' उन्होंने गैलवियंस को सफलता के राज बताते हुए यह भी स्पष्ट किया कि गैलवे बिज़नेस में प्रोफेशनल तरीके से काम करने से न सिर्फ व्यक्तिगत सफलता प्राप्त की जा सकती है, बल्कि डुप्लीकेशन के आधार पर अपनी डाउनलाइन को भी सफलता की राह पर ला सकते हैं।

कार्यक्रम में गैलवे लीडर रजनीश राज, वीसी सदस्य दीपक कुमार, अरविंद कुमार, बृजेश कुमार और रविंद्र कुमार समेत कई अन्य गैलवे लीडर्स और गैलवियंस ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर सभी ने गैलवियंस को प्रेरित किया और उन्हें सफलता की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए उत्साहित किया।




# बिहार

## नवादा



Regional Head
Mundrika Gop

Franchiser
Rajesh Kumar
(Buddha Enterprises)

Vc Event Head
Md Furqan
(RD)

## प्रमोशन एवं अचीवमेंट डे में दिखा गैलवियंस की एनर्जी का लेवल

अक्टूबर माह की शुरुआत में नवादा जिले में गैलवे प्रमोशन एवं अचीवमेंट डे का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अचीवर्स को सम्मानित करना और उन्हें गैलवे बिज़नेस से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था।

नवादा फ्रेंचाइजी बुद्धा इंटरप्राइजेज के फ्रेंचाइज़र राजेश कुमार ने अपने साथी गैलवे लीडर्स के साथ मिलकर अचीवर्स को स्टेज पर बुलाकर सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में गैलवे बिज़नेस के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिससे उपस्थित गैलवियंस को अपने व्यवसाय को बेहतर ढंग से समझने और उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद मिली।

कार्यक्रम में प्रमुख गैलवे लीडर्स राजू, एलडीडी मंगल कुमार और कई अन्य गैलवे लीडर्स एवं गैलवियंस ने अपनी उपस्थिति दर्ज की और इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस आयोजन ने अचीवर्स को प्रेरित किया, ताकि वे अपने भविष्य के लक्ष्यों को और भी प्रभावी तरीके से हासिल कर सकें।





## नवादा

Chief Guest - Sohel Khan (Star GDD)

## मेहनत बेमिसाल तो सफलता शानदार - सोहेल खान

अगर आपको खुद पर विश्वास है, तो हर चुनौती को पार कर सफलता आपकी होगी। लेकिन अगर आप यह सोच कर कदम नहीं बढ़ाते कि 'मैं यह नहीं कर सकता,' तो आप असफलता की ओर बढ़ रहे हैं।

यह प्रेरणादायक संदेश गैलवियंस को देने के लिए स्टार जीडीडी सोहेल खान ने बिहार के नवादा जिले में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी मेसर्स बुद्धा इंटरप्राइजेज में आयोजित ऑल आईआर मीटअप में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

इस कार्यक्रम में सोहेल खान ने गैलवियंस को अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आत्मविश्वास और दृढ़ता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक आप अपने आत्मविश्वास को बनाए रखते हैं और कठिनाइयों से डरते नहीं हैं, तब तक सफलता निश्चित है। कार्यक्रम के दौरान फ्रेंचाइजर राजेश कुमार, एलडीडी मंगल, रितेश, रामप्रवेश, और गैलवे लीडर्स जैसे पप्पू, अखिलेश, रुपेश, दीपक, नितेश, राजू, धनजीत, और कर्मवीर समेत कई अन्य गैलवियंस ने इस मीटअप में भाग लिया और इसे सफल बनाने में योगदान दिया।





# बिहार

## समस्तीपुर



Regional Head
Punit Pranay



Zonal Head
Sanmol Kumar

Franchiser
Guddu Kumar
(G B Associate)

VC Event Head
Guddu Kumar
(RD)

## अचीवमेंट डे में दिखा गैलवे के शूरवीरों का जोश

बिहार के समस्तीपुर जिले में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी जी बी एसोसिएट के सौजन्य से गैलवे प्रमोशन और अचीवमेंट डे का भव्य आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में गैलवे के अचीवर्स को सम्मानित करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में स्टार जीडीडी श्री सनमोल कुमार ने शिरकत की।

इस विशेष अवसर पर श्री सनमोल कुमार ने नए ईडी को मंच पर बुलाकर उन्हें सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने मेहनत और ईमानदारी को सफलता की कुंजी बताते हुए गैलवियंस को निरंतर प्रयास करने और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान फ्रेंचाइजर श्री गुड्डू कुमार, गैलवे लीडर्स सुनील कुमार, सिंकदर, रोशन, केदार समेत कई अन्य प्रमुख लीडर्स और गैलवियंस की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया।













## बांका



Regional Head
Punit Pranay



Zonal Head
Pinkesh Kumar Yadav

Franchiser
Dheeraj Kumar
(D S Associate)

## टीमवर्क से होती सफलता की राह आसान - पिंकेश यादव

किसी भी काम को करने में टीमवर्क की अहमियत को नकारा नहीं जा सकता। अगर आप अकेले किसी कार्य को करने की कोशिश करेंगे तो उसमें समय ज्यादा लगेगा और सफलता की संभावना कम होगी। लेकिन जब आप उस काम को एक टीम के रूप में और टीम भावना के साथ करते हैं, तो न केवल समय कम लगता है, बल्कि सफलता के अवसर भी ज्यादा बढ़ जाते हैं।

जोनल हेड पिंकेश यादव ने इसी टीमवर्क के महत्व पर गैलवियंस को प्रेरित किया। बिहार के बांका जिले में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी डी एस एसोसिएट के सौजन्य से आयोजित गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम में उन्होंने पॉवर ऑफ टीमवर्क पर गैलवियंस को विस्तृत ट्रेनिंग दी।

प्रोग्राम में आरडी मुनचुन कुमार, मुन्ना कुमार, दीपक कुमार, श्रवण कुमार, विकास कुमार, अनुज कुमार, चंदू सोरेन और दीपक कुमार जैसे कई गैलवे लीडर्स और गैलवियंस उपस्थित थे।

Chief Guest - Pinkesh Kumar Yadav (Zonal Head)









# छत्तीसगढ़

## भाटापारा



Regional Head
Uday Kumar

Franchiser
Santdas Tandan
(Trimurti Enterprises)

Vc Event Head
Mohan Lal Jaisawal
(SD)

### गांधी जी और शास्त्री की जयंती पर गैलवे का स्वच्छता आंदोलन



2 अक्टूबर को हम सभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाते हैं। इस अवसर पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते हैं। गांधी जी का स्वच्छता पर जोर और शास्त्री जी का "जय जवान, जय किसान" का आह्वान आज भी हमारे जीवन के मार्गदर्शक हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री ने इन विचारों को प्रासंगिक बनाते हुए स्वच्छता अभियान को आंदोलन का रूप दिया है।





इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के भाटापारा में गैलवे लीडर्स और उनकी डाउनलाइन टीम ने मिलकर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया। गैलवे लीडर्स और गैलवियंस ने हाथ में झाड़ू थामकर भाटापारा के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों की सफाई की और लोगों को स्वच्छता की दिशा में प्रेरित किया।

कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे इस पहल को जन आंदोलन बनाने में मदद मिली और यह एक सामूहिक प्रयास बन गया।

इस अवसर पर त्रिमूर्ति इंटरप्राइजेज के फ्रेंचाइजर संतदास टंडन, वीसी सदस्य चायना कौशल, इथलेश बघेल, एकराम जायसवाल, कलावती, सरस्वती, संजना विश्वकर्मा, दीप्ति, सुनील कुमार, नरेंद्र कश्यप, नरेंद्र माथुर, नवीन नेताम और अन्य सभी गैलवे लीडर्स एवं गैलवियंस ने सक्रिय भागीदारी निभाई और इस मुहिम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## भाटापारा

### परमार्थ कार्य में भी गैलवियंस सबसे आगे

गैलवे बिज़नेस में एक गैलवियन को सिर्फ आर्थिक सफलता और अपने सपनों को पूरा करने के लिए ही प्रेरित नहीं किया जाता, बल्कि उन्हें सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। चाहे वह ब्लड कैंप हो, हेल्थ चेकअप हो, सफाई अभियान हो या अन्य समाज कल्याण कार्य, गैलवियंस हमेशा अपनी भूमिका निभाने में सबसे आगे रहते हैं।

इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, छत्तीसगढ़ के भाटापारा जिले में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी त्रिमूर्ति इंटरप्राइजेज ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर एक भव्य भंडारे का आयोजन किया। इस भंडारे में राह से गुजर रहे सभी नागरिकों को प्रसाद, पूड़ी और खीर वितरित की गई।

फ्रेंचाइजर संतदास टंडन ने अपनी पूरी टीम के साथ इस भंडारे को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

नागरिकों ने खुशी-खुशी माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया और इस अवसर पर गैलवे लीडर्स, शैरिफ और वीसी सदस्यों का विशेष योगदान रहा, जिसने इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक बना दिया।

गैलवे परिवार द्वारा किए गए ऐसे सामाजिक कार्य न केवल हमारी जिम्मेदारी को दर्शाते हैं, बल्कि यह साबित करते हैं कि सच्ची सफलता वह है जो समाज के भले के लिए समर्पित हो।











# छत्तीसगढ़

Chief Guest - Ranjani Kumari (LDD)

## रायपुर



Regional Head
Uday Kumar



Zonal Head
Ranjani Kumari

Franchiser
Mankunwar
(Indian Agro Associate)

## बड़े नेटवर्क से मिलती है बड़ी सफलता – रंजनी कुमारी

अगर आपका नेटवर्क बड़ा होगा तो आपके सफल होने के चांसेस भी ज्यादा होंगे। इसलिए अपने नेटवर्क पर खास ध्यान दें। अपनी डाउनलाइन को ज्यादा से ज्यादा लोगों को बिज़नेस अप्रोच करने के लिए प्रेरित करें और उन्हें अपने स्तर पर पूरी मदद दें।' यह कहना था जोनल हेड और एलडीडी रंजनी कुमारी का।

छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित ईडी, एसडी और आरडी मीटअप में रंजनी कुमारी ने गैलवे लीडर्स को कई महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। इस मीटअप का आयोजन गैलवे फ्रेंचाइजी इंडियन एग्रो एसोसिएट के सौजन्य से हुआ था, जिसमें गैलवे लीडर्स ने सीनियर गैलवे लीडर्स से अपने सवालों को साझा किया और उनके समाधान भी प्राप्त किए।

इस खास मौके पर बड़ी संख्या में गैलवे लीडर्स और गैलवियंस की उपस्थिति रही, जिन्होंने इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर अपने नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाए।











# उड़ीसा

## देवगढ़



Regional Head
Manish Singham



Zonal Head
Pradeep Kumar

Franchiser
Pintu Pradhan
(Sanjivani Enterprises)

## गैलवे के उड़ीसा लीडर का जोश दिखा अचीवमेंट डे पर

उड़ीसा के देवगढ़ जिले में गैलवे प्रमोशन एवं अचीवमेंट डे का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अचीवर्स को सम्मानित करना और उनके योगदान को सराहना था। गैलवे फ्रेंचाइजी संजीवनी इंटरप्राइजेज के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमोशन पाने वाले अचीवर्स को न केवल सम्मानित किया गया, बल्कि उन्हें प्रेरणादायक ट्रेनिंग भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान, फ्रेंचाइजर पिंटू प्रधान समेत कई प्रमुख गैलवे लीडर्स ने अचीवर्स को स्टेज पर बुलाकर उन्हें सम्मानित किया और उनकी मेहनत की सराहना की। 'जय गैलवे-जय भारत' के नारों से कार्यक्रम का माहौल जोश और उत्साह से भर गया, जिससे उपस्थित सभी लोगों के बीच प्रेरणा और ऊर्जा का संचार हुआ।

इस अवसर पर गैलवे लीडर्स और गैलवियंस की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। सभी अचीवर्स ने इस सम्मान को खुशी के साथ स्वीकार किया और अपने भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने का संकल्प लिया।







# उड़ीसा

## जाजपुर



Regional Head
Manish Singham

Franchiser
Dhiraj Kumar (Maa Associates)

Vc Event Head
Jitmohan Mahanta (RD)

## आरडी प्रमोशन अचीवर्स को किया गया सम्मानित

उड़ीसा के ऐतिहासिक जाजपुर जिले में गैलवे प्रमोशन एवं अचीवमेंट डे का शानदार आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय गैलवे फ्रेंचाइजी मां एसोसिएट्स के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमें गैलवे के अचीवर्स को सम्मानित किया गया और उन्हें प्रेरणा देने वाली बातें साझा की गईं।

कार्यक्रम के दौरान एसडी से लेकर आरडी तक प्रमोशन पाने वाले रैंक अचीवर्स को गैलवे लीडर्स द्वारा सम्मानित किया गया। अचीवर्स को बुके देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया और भविष्य में और बड़ी सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

इस प्रोग्राम में अचीवर्स को सम्मान के साथ-साथ, गैलवे लीडर्स से कई मोटिवेशनल विचार सुनने का अवसर मिला, जो उनके आत्मविश्वास को और भी बढ़ाने के लिए प्रेरक सिद्ध हुए। कार्यक्रम में धीरज कुमार अपनी वीसी टीम के सदस्यों और अन्य गैलवे लीडर्स के साथ मौजूद थे, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।







## रायगढ़ा



Regional Head
Sushant Kumar Samanta



Zonal Head
Brahamand Nath

Franchiser
Pradipa Panda (Honesty Enterprises)

## मानव सेवा के लिए गैलवे की एक प्रेरणादायक पहल

गैलवे के को-फाउंडर और मेंटॉर श्री चेतन हांडा हमेशा अपने गैलवियंस को न केवल व्यापार में सफलता हासिल करने की प्रेरणा देते हैं, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उनका मानना है कि एक सफल व्यक्ति को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए, और यही कारण है कि गैलवियंस समय-समय पर समाज के भले के लिए अहम योगदान देते हैं।

इसी दिशा में, उड़ीसा के रायगढ़ा जिले में स्थित एक अस्पताल में स्थानीय एनजीओ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रायगढ़ जोन हॉनेस्टी इंटरप्राइजेज के कई गैलवियंस ने अपनी भागीदारी निभाई। उन्होंने रक्तदान करके न केवल दूसरों की मदद की, बल्कि अपने साथियों के सामने एक प्रेरणा की मिसाल भी पेश की।

इस अवसर पर मौजूद एनजीओ के अधिकारियों ने गैलवियंस की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद किया और इस नेक काम के लिए उनकी प्रशंसा की। यह रक्तदान शिविर एक मजबूत संदेश देता है कि गैलवियंस न केवल अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने में जुटे हैं, बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव लाने की ओर अग्रसर हैं।








# उड़ीसा

Chief Guest - Chandrakant Pradhan (Star LDD)

## तुरंग (अंगुल)

Franchiser
Rani Rajalaxmi Pradhan
(Rajdhani Enterprises)

## जिंदगी में सफलता पाने के लिए मजबूत इरादे जरूरी हैं – चंद्रकांत प्रधान

जिंदगी में सफलता पाने की चाहत सभी को होती है, लेकिन यह उन लोगों को मिलती है जिनके इरादों में ताकत और जुनून होता है। तय करने में समय मत लगाओ कि आपको क्या करना है, नहीं तो समय यह तय कर देगा कि आपका क्या करना है।" इस प्रेरणादायक संदेश के साथ, स्टार एलडीडी चंद्रकांत प्रधान ने गैलवियंस में सफलता की ओर कदम बढ़ाने के लिए जोश और जुनून का संचार किया।



उड़ीसा के अंगुल जिले के तुरंग में स्थित गैलवे फ्रेंचाइजी राजधानी इंटरप्राइजेज के सौजन्य से आयोजित इस गैलवे एजुकेशन प्रोग्राम में चंद्रकांत प्रधान ने गैलवियंस को गैलवे बिज़नेस प्लान, रिजेक्शन से निपटने, और पोंजी स्कीम जैसी कंपनियों से कैसे बचें के बारे में गहराई से ट्रेनिंग दी।

कार्यक्रम की शुरुआत में जोन के सभी लीडर्स ने चंद्रकांत प्रधान का जोरदार स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर गैलवे के कई लीडर्स और गैलवियंस ने कार्यक्रम में भाग लिया और इससे प्रेरित होकर अपने व्यवसाय को नए आयामों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।




# महाराष्ट्र

## कोल्हापुर



Zonal Head
Deepak Kumar Singh

Franchiser
Kamal Nayan Singh
(Kamal Traders)

Vc Event Head
Alamgir Ansari
(RD)

## गैलवे की 21वीं वर्षगांठ के सफल आयोजन पर सप्रेम मुलाकात

हाल ही में महाराष्ट्र के कोल्हापुर में गैलवे की 21वीं वर्षगांठ को धूमधाम से मनाया गया, और इस आयोजन को सफल बनाने में स्टार जीडीडी येलिमेला महेंद्र रेड्डी और उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। गैलवे लीडर्स ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर सरकारी गाइडलाइंस के तहत इस कार्यक्रम को शानदार तरीके से आयोजित किया।

इस अवसर पर, स्थानीय पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर श्री दीपक शंकर जाधव को धन्यवाद देने के लिए महेंद्र रेड्डी और उनकी टीम ने उनके ऑफिस का दौरा किया। उन्होंने श्री दीपक शंकर जाधव को शॉल, बुके और प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया और तहेदिल से उनका धन्यवाद किया।

इसके साथ ही, गैलवे लीडर्स ने श्री जाधव को गैलवे प्रोडक्ट्स की एक विशेष बॉस्केट भेंट दी और गैलवे प्रोडक्ट के लाभ भी बताए। उत्पादों के लाभ भी बताए गए। इस पहल से गैलवे टीम ने न केवल अपनी कृतज्ञता व्यक्त की, बल्कि गैलवे प्रोडक्ट्स को भी स्थानीय प्रशासन और समुदाय के बीच प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम गैलवे की 21वीं वर्षगांठ की सफलता को और भी संजीवनी देने वाला साबित हुआ और सभी की सामूहिक मेहनत ने इसे ऐतिहासिक बना दिया।










# दिल्ली

## शानदार दिल्ली लीडर मीट का आयोजन

7 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली के Five Elements By Sandoz में एक शानदार दिल्ली लीडर मीट का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के गैलवियंस ने बड़े उत्साह और जोश के साथ हिस्सा लिया। इस आयोजन का नेतृत्व किया रीजनल हेड मुंद्रिका गोप जी ने, जिनके मार्गदर्शन में यह मीट अत्यंत सफल रही। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के फ्रैंचाइज़र और लीडर्स भी मौजूद थे, जिन्होंने इस मीट को और भी ऐतिहासिक बना दिया।

### प्रेरणादायक उद्घाटन

लीडर मीट की शुरुआत में ही जोश और उत्साह की लहर दौड़ पड़ी, जब कंपनी के मेंटोर और को-फाउंडर श्री संजीव छिब्बर ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से सभी को संबोधित किया। उनकी बातों ने गैलवियंस में नई ऊर्जा का संचार किया और उन्हें अपने लक्ष्यों की ओर और भी प्रगति करने की प्रेरणा दी।

### ग्रुप फोटो सेशन

इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए सभी गैलवियंस के साथ को- फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर का ग्रुप फोटो सेशन भी आयोजित किया गया, ताकि ये पल हमेशा के लिए संजोए जा सकें।

### चेतन हांडा जी का प्रेरणादायक संबोधन

जब कंपनी के मेंटोर श्री चेतन हांडा मीट में पहुंचे, तो उनको देखकर गैलवियंस का जोश चरम पर था। उन्होंने अपने विचारों के माध्यम से एक अच्छे लीडर की विशेषताओं पर प्रकाश डाला और बताया कि नेतृत्व का सही मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है।

### विशेष उपस्थितगियां

मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सरबजीत सिंह अरनेजा और सीनियर डायरेक्टर (सेल्स एंड पीआर) कुश सर की गरिमामयी उपस्थिति ने इस मीट को और भी खास बना दिया। उनके अनुभव और मार्गदर्शन ने सभी को प्रेरित किया और यह मीट गैलवियंस के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन गई। इस मौके पर जीडीडी नसीम अख्तर, महेश कुमार के अलावा अन्य सीनियर लीडर उपस्थित थे।










# गैलवे राइस ब्रान ऑयल के साथ

# फेस्टिवल सेलिब्रेशन को बनाएं थोड़ा नमकीन-थोड़ा मीठा

त्योहारी मौसम के दस्तक देते ही हम सभी के जेहन में स्वादिष्ठ व्यंजनों का ख्याल आने लगता है। वैसे भी हम भारतीयों का हर त्योहार बिना पकवानों के आधा-अधूरा है। फिर चाहे होली, दीवाली, ईद हो या छठ पूजा। इन दिनों कई तरह के पारंपरिक व्यंजन बनते हैं, थोड़े नमकीन-थोड़े मीठे। नमकीन स्नैक्स से लेकर मीठे व्यंजनों तक, पार्टी की मेज़बानी से लेकर घर पर ही त्यौहारी आनंद लेने तक, ठेकुआ, मठरी या नमकीन खुरमे, दही वड़ा, चकली, गुझिया, पूड़ी, छोले भूटरा, नमकपारे, गुलाब जामुन, पनीर टिक्का, बटाटा वडा जैसे न जाने कितने पकवानों की तैयारी होती है लेकिन आप जानते हैं कि इन सब व्यंजनों को बनाने की सबसे जरूरी चीज है उन्हें तलने के लिए तेल।







सरसों का तेल और रिफाइंड ऑयल सबसे ज्यादा घरों में इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन क्या ये तेल हमारी सेहत के लिहाज से सही हैं? यह सबसे बड़ा सवाल है। और सबसे बड़ी मुश्किल ये है कि आजकल शुद्ध तेल के नाम बाजार में जो बिकता है वो शुद्ध नहीं बल्कि लगभग मिलावटी जहर ही है। इसीलिए त्योहार में ज्यादातर लोग बीमार भी पड़ते हैं।




लेकिन आपको टेंशन लेने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि आपके पास है आपका फेवरेट राइस ब्रान ऑयल। इससे आप बेफिकर होकर अपने मनपसंद पकवान बनाएं और त्योहारों का जमकर लुत्फ उठाएं। फिर चाहे वो नमकीन स्नैक्स हो या मिठाइंया। गैलवे का राइस ब्रान ऑयल है तो आपका परिवार शुद्ध और हेल्दी फूड खाएगा, इसमें कोई शक नहीं है।

WHO और अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन ने राइस ब्रान तेल को अन्य तेलों की तुलना में अधिक सेहतमंद माना है। गैलवे राइस ब्रान ऑयल चावल की भूसी से तैयार किया जाने वाला सेहतमंद तेल है जो स्वाद और सुगंध में बेजोड़ है। इसे फिजीकली रिफाइंड किया जाता है ताकि इसकी क्वालिटी मेंटेंड रहे। इसमें मौजूद ऑरिजनॉल कॉलेस्ट्रोल मैनेज करने में सहायक होता है। एक स्टडी के अनुसार इस तेल के इस्तेमाल से कोलेस्ट्रॉल 42 प्रतिशत तक कम होता है और एलडीएल कोलेस्ट्रॉल 62 प्रतिशत कम होता है। इस ऑयल में ऑरिजनॉल के साथ-साथ बैलेंसिड फैटी एसिड, नैचुरल एंटीऑक्सीडेंट, फ्यूरिलिक एसिड भी सही मात्रा में पाया जाता है, जो हमें स्वस्थ रखने के लिए बहुत ही जरूरी है। नैचुरल







एंटीऑक्सीडेंट इम्यूनिटी फ्यूरिलिक एसिड भी सही मात्रा में पाया जाता है, जो कि मानव शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत ही जरूरी है। इस तेल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर में उपस्थित फ्री रैडिकल्स से लड़ते हैं और शरीर में कई बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ाते हैं। इतना ही नहीं यह कॉलेस्ट्रोल के स्तर को कंट्रोल करने और उच्च रक्तचाप को कम करने में भी कारगर है। इस तेल में बना हुआ खाना आपके स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक होता है। यह एक बैलेंस फैट प्रोफाइल ऑयल है, जिसमें PUFA/MUFA का सही मात्रा मिश्रण है। साथ ही इसका स्मोक पॉइंट भी काफी ऊंचा है और जिस तेल का स्मोक पॉइंट सबसे ज्यादा होता है, वो तलने वाले पकवानों के लिए बेहतर तेल होता है।

तो फिर, गैलवे राइस ब्रान ऑयल के साथ अपने फेस्टिवल सेलिब्रेशन को बनाएं थोड़ा नमकीन-थोड़ा मीठा विद हेल्दी ट्विस्ट।

**पेश है, गैलवियन नीरजा झा द्वारा भेजी गई शानदार व्यंजन ठेकुआ की खास और आसान रेसिपी जिसको पढ़कर आप गैलवे राइस ब्रान ऑयल के जरिए सेहतमंद और जायकेदार पकवान का मजा लेकर छठ को हैप्पी एंड हेल्दी फेस्टिवल बना सकते हैं।**



**नीरजा झा**
**आरडी (नई दिल्ली)**

## राइस ब्रान से बनते हैं सबसे लजीज पकवान

# बिहार का ठेकुआ



## हमारी किचन में आम तेल नहीं राइस ब्रान का होता है इस्तेमाल

- सनमोल कुमार
(स्टार जीडीडी) भागलपुर, बिहार

हमारे यहां पहले भी त्योहारों पर व्यंजन बनाए जाते थे लेकिन जब से न्यूट्रिफ्लो राइस ब्रान ऑयल का उपयोग किया उन सबका स्वाद बढ़ गया है। आज जो भी हमारे घर पर दावत के लिए आते हैं और खाने का राज पूछते हैं तो मेरी वाइफ शान से न्यूट्रिफ्लो राइस ब्रान ऑयल का नाम बताती है और कहती है कि अगर आप भी पाना चाहते हैं सेहत के साथ स्वाद का मजा तो आज से ही इस्तेमाल करें न्यूट्रिफ्लो राइस ब्रान ऑयल ।

ठेकुआ को छठ पूजा के मौके पर विशेष रूप से बिहार और उत्तर प्रदेश में बनाया जाता है। गैलवे बिजनेस में स्टार आरडी श्रीमति नीरजा झा बता रही हैं कि वह गैलवे राइस बॉन ऑयल का उपयोग करके छठ के मौके पर कैसे स्वादिष्ठ ठेकुआ को बनाती हैं।



## सामग्री

- 2 कप गेंहू का आटा
- आधा कप सूजी
- थोड़ा सौंफ
- इलायची पाउडर
- 1/2 कप, गुड़ या चीनी
- नारियल - 2 टेबल स्पून (कद्दूकस)
- मोयन के लिए आधा कप गैलवे राइस ब्रॉन ऑयल
- न्यूट्रिफ्लो राइस ब्रॉन ऑयल तलने के लिए

## विधि

गुड़ या चीनी को आधा कप से थोड़ा कम पानी के साथ एक भगोने में डाल कर गरम कीजिए। उबाल आने पर चमचे से चला कर देखिये कि सारा चीनी या गुड़ पानी में अच्छे से घुल जाए पानी में घुल जाने के बाद इस घोल को छलनी से छान लीजिए। इस घोल में घी मिलाकर इसे थोड़ा.ठंडा होने के लिए रख दीजिए। इलायची को छील एवं पीस कर इसका पाउडर बना लीजिए। किसी बर्तन में आटा, सूजी व कूटी इलायची, सौंफ और कद्दूकस किया हुआ नारियल डाल दिजिए। इसमें मोयन के लिए राइस ब्रॉन ऑयल डालें । अब गुड़ या चीनी के घोल की सहायता से एकदम सख्त और सूखा आटा गूंथ कर तैयार कर लीजिए। कढ़ाई में न्यूट्रिफ्लो राइस ब्रॉन ऑयल डालकर गरम कीजिए। आटे की लोइया बना लीजिए और अब एक-एक लोई को ठेकुए के सांचे की मदद से तैयार कर लीजिए।

सारे आटे से ठेकुआ बना लेने के बाद इन्हें मीडियम आंच पर न्यूट्रिफ्लो राइस ब्रॉन ऑयल में डालकर तल लीजिए। ठेकुए को मीडियम और धींमी आंच पर ही तलना चाहिए। इन्हें पलट-पलट कर ब्राउन होने तक तल लीजिए। ठेकुआ बनकर तैयार है

# ED CLUB
## TOP ACHIEVERS

नेटवर्क में सभी तरह की क्लब इनकम हासिल करने के लिए गो वाइड गो डीप के सिद्धांत को अपनाना आवश्यक है। जिसके तहत उन डिस्ट्रीब्यूटर्स को प्रोत्साहित किया जाता है जो अपनी टीम में ज्यादा से ज्यादा लीडर्स तैयार करते हैं। इन डिस्ट्रीब्यूटर्स ने निर्धारित क्राइटेरिया को क्वालीफाई करते हुए सितंबर, 2024 माह में ई.डी. क्लब में टॉप पोजिशन हासिल की है।




## अरुण कुमार : स्टार जीडीडी

**सफलता की रणनीति :** स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि एक समय में एक काम करो और उसे इस तरह करो कि बाकी सारे काम भूल जाओ । इन प्रेरणादायी लाइनों का मेरे जीवन में बहुत प्रभाव पड़ा। मैंने जब गैलवे बिज़नेस के साथ अपने सफर की शुरुआत की थी तो उस समय ये प्रण कर लिया था कि सफलता या असफलता जो भी मिले, कोशिश के अंतिम क्षण तक हार नहीं मानूंगा और आज उसी प्रण ने जीवन को सफल बना दिया।

**टिप्स :** मेहनत करते रहें और क़ामयाबी आपके कदम जरूर चूमेगी।

## संतराज कुमार : स्टार जीडीडी

**सफलता की रणनीति :** एक महापुरुष ने कहा था कि ''लोगों को अपने सपने मत बताओ बस उन्हें पूरा करके दिखाओ, क्योंकि लोग सुनना कम और देखना ज्यादा पसंद करते हैं। इसलिए मेरे साथियों, कभी भी लोगों की निगेटिव बातों पर ध्यान मत दो। लोग क्या कहते हैं और क्या करते हैं , इसकी जगह पर गैलवे बिज़नेस पर ध्यान दो। एक समय ऐसा आएगा कि आपकी सफलता उन तमाम लोगों के लिए मिसाल बनेगी जो आपको निगेटिव करते थे।

**टिप्स :** रिजेक्शन को अपने एक्शन से मात दें।







## महेश कुमार : जीडीडी

**सफलता की रणनीति :** आज के समय में अपने बिज़नेस को आगे बढ़ाने के लिए एक बहुत ही अच्छा साधन उपलब्ध है और वह है सोशल मीडिया। हम सोशल मीडिया का सही उपयोग करके अपने बिज़नेस को ''गो डीप एवं गो वाइड'' के तर्ज पर आगे ले जा सकते हैं। इसलिए सोशल मीडिया का सही उपयोग करें और अपने गैलवे बिज़नेस में अपने सभी सपनों को पूरा करें।

**टिप्स :** सोशल मीडिया का उपयोग आपके बिज़नेस के लिए रामबाण की तरह है।

## अनिल कुमार : जीडीडी




**सफलता की रणनीति** : जीवन में हर व्यक्ति ऐसे अवसर की तलाश में रहता है जिससे उसका पूरा जीवन बदल जाए। ऐसे अवसर प्रत्येक इंसान के जीवन में आते तो हैं, लेकिन कुछ लोग उस अवसर का सदुपयोग करते हैं तो कुछ उसका फायदा उठाने की बजाय उसे बर्बाद कर देते हैं। आपके जीवन मे गैलवे बिज़नेस भी एक बेहतरीन अवसर है, इसका फायदा उठाएं और अपने सपनों को पूरा करें।

**टिप्स** : अवसर का फायदा उठाएं और अपने सपनों को पूरा करें।

## शंकर सोनवानी : स्टार एलडीडी




**सफलता की रणनीति** : सफलता एक दिन की मेहनत से नहीं मिलती है बल्कि इसके लिए रातों की नींद एवं दिन का चैन खोना पड़ता है और कई दिनों की लगातार मेहनत के बाद सफलता का स्वाद मिलना शुरु होता है। इसलिए बिना रुके एवं बिना थके अपने लक्ष्य की ओर चलते रहें।

**टिप्स** : लगातार मेहनत से ही सफलता के दरवाजे खुलते हैं।

## धीरेंद्र कुमार : जीडीडी




**सफलता की रणनीति** : कहते हैं कि विश्वास वह शक्ति है जो अंधकार में भी रोशनी की किरण जगा सकती है। इसलिए अपने आप पर, अपनी अपलाइन पर और अपने गैलवे बिज़नेस पर पूर्ण विश्वास बनाए रखें। आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है।

**टिप्स** : विश्वास की बुनियाद पर ही पूरी दुनिया टिकी है।

## जनार्दन कुमार तांती : एलडीडी




**सफलता की रणनीति** : अगर कोई आपके द्वारा दिए गए गैलवे बिज़नेस रूपी अवसर को रिजेक्ट कर दे तो आपको अपने जीवन में इतनी मेहनत करनी है कि आपकी सपलता को देखकर उसे अपने रिजेक्शन पर अफसोस हो। इसलिए रिजेक्शन से घबराएं नहीं। रिजेक्शन का जवाब अपने पॉजिटिव एक्शन से दें।

**टिप्स** : जीवन में मिलने वाले रिजेक्शन से हमें बहुत कुछ पॉजिटिव सीखना चाहिए।

## रोहित कुमार : ईडी




**सफलता की रणनीति** : हर शख्स की ख्वाहिश होती है कि वह अपने पैरों पर खड़े होकर अपने सपनों को पूरा करे और साथ ही अपने परिवार को बेहतर जिंदगी दे। मैं अपने सपने पूरे कर रहा हूं, अगर आप के भी पास सपने हैं और उन्हें पूरा करना चाहते हैं तो गैलवे बिज़नेस में आपका स्वागत है।

**टिप्स** : अपने आप को पहचानें और गैलवे बिज़नेस के साथ अपने सपनों को पूरा करें।

डिस्क्लैमर: उपरोक्त व्यक्तियों ने इस सफलता को निरंतर प्रयासों, कड़ी मेहनत, जुनून, अनुभव, संसाधनों और इच्छा के बल पर हासिल किया है। हम आपको यह गारंटी नहीं दे सकते हैं कि कोई भी व्यक्ति गैलवे बिज़नेस करके आसानी से सफलता के इस स्तर पर पहुंच सकता है। परिणाम और प्रयास प्रत्येक व्यक्तियों में भिन्न-भिन्न होते हैं। इसके अलावा हम आपको यह भरोसा नहीं दे सकते हैं कि आपको आपकी पूर्व सफलताओं और पिछले परिणामों के दम पर जो भी इनकम हो रही थी, उसी अनुभव के आधार पर आपको भविष्य में भी वही इनकम होती रहेगी।

# SD CLUB
## TOP ACHIEVERS

नेटवर्क में सभी तरह की क्लब इनकम हासिल करने के लिए गो वाइड गो डीप के सिद्धांत को अपनाना आवश्यक है। जिसके तहत उन डिस्ट्रीब्यूटर्स को प्रोत्साहित किया जाता है जो अपनी टीम में ज्यादा से ज्यादा लीडर्स तैयार करते हैं। इन डिस्ट्रीब्यूटर्स ने निर्धारित क्राइटेरिया को क्वालीफाई करते हुए सितंबर, 2024 माह में एस.डी. क्लब में टॉप पोजिशन हासिल की है।




संतराज कुमार : स्टार जीडीडी

खुद को संघर्ष के सामने झुकने मत दो।




अरुण कुमार : स्टार जीडीडी

सपने भाग्य से नहीं बल्कि मेहनत करने से पूरे होते हैं।




महेश कुमार : जीडीडी

सपनों को पूरा करने के लिए पहले सपने देखना जरूरी हैं।




मुंद्रिका गोप : जीडीडी

सफलता का उगता सूरज बनकर चमकना सीखें।




राजेश कुमार : जीडीडी

समय का सही उपयोग करना सीखें।




अनिल कुमार : जीडीडी

सही अवसर को पहचानना जरूरी है।




संतोष कुमार सुमन : जीडीडी

असफलता पर निराश न हों।




उमेश प्रसाद यादव : एलडीडी

बगैर मेहनत सफलता की उम्मीद व्यर्थ है।




प्रदीप कुमार – जीडीडी

ईमानदारी से बिज़नेस करें।




करन सिंह - एलडीडी

बिज़नेस में स्मार्ट वर्क करना सीखें।



# टॉप अचीवर्स

इस सूची में विभिन्न रैंक पर बिज़नेस कर रहे उन डिस्ट्रीब्यूटर्स के नाम दिए गए हैं जिन्होंने गैलवे बिज़नेस प्लान के तहत सितंबर, 2024 माह में सबसे ज्यादा इंसेंटिव अर्जित किया है। इस सूची में स्थान पाने वाले सभी टॉप अचीवर्स को हार्दिक बधाई।



SANTRAJ KUMAR
**STAR GDD**



SHANKAR SONVANI
**STAR LDD**



MANOJ KUMAR PATEL
**RD**



RAM LAL
**SD**



MANISH KUMAR
**ED**



ASTIK PAL
**PD**



SHAGUFA PARWEEN
**CD**

# टॉप 10 लॉयल कस्टमर क्लब अचीवर्स

इस सूची में उन डिस्ट्रीब्यूटर्स के नाम दिए गए हैं जिन्होंने लॉयल कस्टमर क्लब के तहत सितंबर, 2024 माह में सबसे ज्यादा धनराशि के प्रोडक्ट वाउचर अर्जित किए हैं। इन सभी टॉप 50 लॉयल कस्टमर क्लब अचीवर्स को गैलवे परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

## LCC Achiever


RAJESH KUMAR MODI
**GDD**


ABDUL HALIM
**LDD**


SUSHIL KUMAR YADAV
**RD**


AMLESH KUMAR MODI
**SD**


PUSHPA THAKUR
**SD**


VEER SINGH JAT
**StAR GDD**


BHAVNA BHATIA
**ED**


DEEPALI BHATIA
**ED**


GIRI ACHUTGIRI GHANSHYAMGIR
**ED**


TEKALE DNYANESHWAR RAMREDDY
**ED**

| | |
|---|---|
| VEER SINGH JAT | GDD |
| JANARDHAN PRASAD GUPTA | GDD |
| KARAN SINGH | LDD |
| MAHESH KUMAR | GDD |
| ARUN KUMAR | GDD |
| MUNDRIKA GOPE | GDD |
| RAJESH KUMAR | GDD |
| SK SALMAN | RD |
| BHUKYA SANKAR NAIK | SD |
| RAMNARAYAN PARIHAR | SD |
| TEKALE DNYANESHWAR RAMREDDY | ED |
| NAGNATH SHIVAJI URAMUNGE | SD |
| PUSHPA THAKUR | SD |
| CHANDAN KUMAR | RD |
| SUSHIL KUMAR YADAV | RD |
| GUNJAN AGARWAL | RD |
| AMAN SHANKAR JHA | RD |
| KOSI SODI | ED |
| SHUBHAM SHALYA | ED |
| KAMINI JAMES | ED |

| | |
|---|---|
| RAHUL SAXENA | ED |
| HARPREET SINGH | RD |
| ABHISAR BHATIA | ED |
| BHAVNA BHATIA | ED |
| DEEPALI BHATIA | ED |
| GIRI ACHUTGIRI GHANSHYAMGIR | ED |
| RUPESH RAY | GDD |
| ABDUL HALIM | LDD |
| AMLESH KUMAR MODI | SD |
| DOMAN PARSAD PATEL | SD |
| SUSANTA SAHANA- | ED |
| RAM SAHAY | ED |
| SHIV NARYAN ORAON | PD |
| RADHA TIWARI | ED |
| PREETI KALRA | RD |
| PIYUSH | SD |
| SANTRAJ KUMAR | GDD |
| DHARMENDRA KUMAR | LDD |
| RAMJI KHATANA | RD |
| SANJIB DAS | SD |

नोट: सभी TOP LCC QUALIFIERS की क्रम श्रृंखला उनके द्वारा इस महीने में अर्जित LCC वाउचर के अमाउंट पर आधारित है। यह क्रम LCC क्वालिफायर्स की रैंक पर आधारित नहीं है।





# गैलवे कृषम आजमाएं लहसुन से लाखों कमाएं

लहसुन यानी गार्लिक एक ऐसी पौष्टिक कंद वाली मसाला फसल है, जिसका इस्तेमाल हर भारतीय रसोई में मसाले के तौर पर होता है। लहसुन दूसरी कंदीय सब्जियों के मुकाबले अधिक पौष्टिक गुणों से भरपूर है। इसलिए यह कई स्वास्थ्य लाभों के लिए भी जाना जाता है। मसालों में उपयोग होने के अलावा कई औषधीय गुणों से भी भरी इसकी फसल न सिर्फ किसानों के लिए एक नगदी फसल है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान देती है। हमारे देश में लहसुन की खेती सभी राज्यों में होती है। लेकिन, लहसुन उत्पादन की दृष्टि से मध्य प्रदेश सबसे अग्रणी राज्य है।

राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार देश में कुल उत्पादित होने वाले लहसुन में से मध्य प्रदेश में अकेले 62.85 प्रतिशत उत्पादन होता है। जबकि देश के सिर्फ 3 राज्यों, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में भारत के कुल लहसुन उत्पादन का करीब 85 प्रतिशत का उत्पादन होता है।

लहसुन की खेती के लिए अक्टूबर माह उपयुक्त माना जाता है क्योंकि इस माह में मौसम में परिवर्तन होने के साथ ही हल्की ठंडक का एहसास होने लगता है। ठंड के मौसम में लहसुन की बुवाई करने पर फसल की ग्रोथ बेहतर होती है। अगर आप गैलवे कृषम प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं तो न सिर्फ लहसुन की उन्नत फसल उत्पादित कर सकते हैं बल्कि लाखों का मुनाफा भी कमा सकते हैं।

इस लेख में, हम आपको बताएंगे कि कैसे आप गैलवे कृषम प्रोडक्ट्स की मदद से लहसुन की अच्छी पैदावार कर सकते हैं।

**लहसुन की खेती के बारे में जानने योग्य ज़रूरी बातें:**

- लहसुन की खेती के लिए, बारिश के मौसम खत्म होने के बाद अक्टूबर-नवंबर का महीना सबसे अच्छा होता है।
- बुवाई के लिए स्वस्थ और बड़े आकार की शल्क कंदों (कलियों) और बीजों का इस्तेमाल करें।
- खेती के लिए, ज़्यादातर जीवांशयुक्त दोमट मिट्टी सबसे अच्छी होती है।
- खेत की मिट्टी का पीएच 6.0-6.5 होना चाहिए।
- खेत की मिट्टी में अच्छी जल निकासी होनी चाहिए।
- मिट्टी में गोबर की खाद या कम्पोस्ट मिलाना चाहिए।

अधिक जानकारी के लिए आप हमारे गैलवे कृषम के विशेषज्ञ से फोन/व्हाट्सअप/कस्टमर केयर के माध्यम से संपर्क करें।

**आशुतोष सिंह**
**7489653668**

- खेत की मिट्टी में 20 किलोग्राम नाइट्रोजन, 20 किलोग्राम फ़ॉस्फ़ोरस, और 20 किलोग्राम पोटाश मिलाना चाहिए।
- बुवाई के लिए बनाई क्यारियों में कलियों को 15 सेंटीमीटर की दूरी पर बोना चाहिए।
- लहसुन की खेती के लिए, कलियों या बीजों को 2 सेंटीमीटर मोटी मिट्टी से ढकना चाहिए।
- लहसुन की गांठों के अच्छे विकास के लिए, सर्दियों में 10-15 दिनों के अंतर पर और गर्मियों में 5-7 दिन के अंतर पर सिंचाई करें।

## बीज की मात्रा

लहसुन की अधिक उपज के लिए डेढ़ से 2 क्विंटल स्वस्थ कलियां प्रति एकड़ का आवश्यकता होती है। कलियों का व्यास 8-10 मिली मीटर होना चाहिए।




## बिजाई की विधि

बिजाई के लिए क्यारियों में कतारों दूरी 15 सेंटीमीटर व कतारों में कलियों का नुकीला भाग ऊपर की ओर होना चाहिए और बिजाई के बाद कलियों को 2 सेंटीमीटर मोटी मिट्टी की तह से ढक दें।

पौधे के विकास में सहायक गैलवे कृषम प्रोडक्ट्स और प्रयोग विधिः

- **खेत की तैयारी:** खेत की तैयारी के दौरान मिट्टी का उपचार करना बेहतर रहता है। मिट्टी उपचार के लिए 100 किग्रा गोबर की सड़ी हुई खाद / 100 किलो केंचुआ खाद / राख / भुरभुरी मिट्टी को लेकर 1 लीटर जी बायो फॉस्फेट एडवांस को मिलाकर मिश्रण तैयार कर लेना है और उस मिश्रण को 24 घंटे के लिए छाया में रख देना है। 24 घंटे के बाद उसे नर्सरी में डालकर मिला देना है।
- **बीज उपचार:** इसके लिए एक बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि जब हम बीज या कलियों के उपचार की बात करते हैं तो दो तरीके से करते हैं, एक पानी द्वारा और दूसरा बगैर पानी के।

नोटः ऐसे बीज या कलियां जिनका आकार सामान्य से कम है उन्हें बिना पानी लगाए उपचारित करना है।

- **उर्वरक के रूप में खाद का प्रयोग:** आवश्यकता के अनुसार सिंगल सुपर फॉस्फेट और उसमें 10 किलोग्राम जी सी पावर + 4-8 किलोग्राम जी वैम को मिलाकर खेत में छिड़काव प्रति एकड़ के हिसाब से करें।
- **सिंचाई के समय :** 20-25 दिनों के बाद सिंचाई के समय, आवश्यकता के अनुसार यूरिया की मात्रा + 10 किलोग्राम जी सी पावर + 200 मिलीलीटर जी अमीनो + 200 मिलीलीटर जी बायो ह्यूमिक को एक साथ मिलाकर प्रति एकड़ की दर से हाथ से छिड़काव कर लेना है।

**नोट- : स्प्रे या तो सुबह करें या शाम को, खड़ी धूप में या अधिक तापमान में स्प्रे करने से बचें। पौधे की कंडीशन के अनुसार स्प्रे करने की ज़रूरत है।**

नई ऊंचाइयां

## RD RANK ACHIEVERS

सितंबर, 2024 में SD से RD प्रमोशन पाने वाले अचीवर्स की संख्या सैकड़ों में है लेकिन उन में से टॉप 5 अचीवर्स (इंसेंटिव के आधार पर) के नाम यहां दिए गए हैं।



**AMARJEET KUMAR**
ADM273CA



**SHIVENDRA YADAV**
LKO125BI



**TULSIRAM YADAV**
LKO221BB



**NEERAJ KUMAR PASWAN**
HRI340BS



**OM PRAKASH**
LKO834BH

## SD RANK ACHIEVERS

सितंबर, 2024 में ED से SD प्रमोशन पाने वाले अचीवर्स की संख्या सैकड़ों में है लेकिन उन में से टॉप 5 अचीवर्स (इंसेंटिव के आधार पर) के नाम यहां दिए गए हैं।



**MANISH KUMAR**
HRI768BT



**ROHIT KUMAR**
BAT402AK



**RAJ KUMAR**
DBR550AQ



**SONU AHIRAWAR**
SNH302AA



**PURAN KUMAR**
DBR540AQ

## ED RANK ACHIEVERS

सितंबर, 2024 में PD से ED प्रमोशन पाने वाले अचीवर्स की संख्या सैकड़ों में है लेकिन उन में से टॉप 5 अचीवर्स (इंसेंटिव के आधार पर) के नाम यहां दिए गए हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ASTIK PAL | PDA415AA |
| 2. | MD EHASHAN REZA | CNH929AA |
| 3. | MAMTA KUMARI | PND127AC |
| 4. | NEETEESH KUMAR | MPO484AA |
| 5. | SHAGUFA PARWEEN | DKL894AM |

सी एस आर समाचार

# हर्षोल्लास से मनाई गई एसईपी की 12वीं वर्षगांठ

Self Empowerment Program

GALWAY FOUNDATION YOUR HELPING HAND

गैलवे फाउंडेशन ने अपने सेल्फ इंपावरमेंट प्रोग्राम (एसईपी) की 12वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास और जोश के साथ मनाई। गैलवे सिर्फ लोगों के जीवन को समृद्ध नहीं करता, बल्कि उनका संपूर्ण मानसिक और शारीरिक विकास भी सुनिश्चित करता है।



आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में खानपान से लेकर शारीरिक व्यायाम तक हर चीज में असंतुलन पैदा हो चुका है। इस असंतुलन से बचने का एकमात्र रास्ता अब मेडिटेशन और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है। यह विचार हमारे फाउंडर्स ने आज से 12 साल पहले पहचाना था, और तभी से एसईपी की नींव रखी गई थी, ताकि लोग मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकें।

गैलवे फाउंडेशन के एसईपी प्रोग्राम की शुरुआत, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। इस कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण है कि यह बिना किसी रुकावट के पिछले 12 वर्षों से निरंतर चल रहा है।

इस दौरान, एसईपी के सर्टिफाइड ट्रेनर्स ने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरीकों से एसईपी के प्रशिक्षकों ने हजारों लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ा और उनकी जीवनशैली को बेहतर बनाने का प्रयास किया। अक्टूबर 2024 में, एसईपी के सर्टिफाइड ट्रेनर्स रामकिशन, संतदास टंडन, चायना कौशल और मानकुंवर ने मिलकर 650 से अधिक लोगों को एसईपी की ट्रेनिंग दी और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में कदम बढ़ाया।

गैलवे फाउंडेशन को अपने सभी एसईपी ट्रेनर्स पर गर्व है, जो न सिर्फ प्रोग्राम के प्रति अपने समर्पण को दिखाते हैं, बल्कि लोगों के जीवन में मानसिक शांति और संतुलन लाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

इस अवसर पर एसईपी के कार्यक्रम के लाभार्थियों ने भी अपनी सफलता की कहानियां साझा की, और बताया कि इस प्रोग्राम से उनके जीवन में कितना बदलाव आया है। एसईपी की 12वीं वर्षगांठ पर आयोजित इस कार्यक्रम ने सभी को प्रेरित किया और एक नई ऊर्जा दी।


## आप हमसे संपर्क करें

ट्रेनिंग से संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या एवं जानकारी के लिए :
training@galway.in
Whatsapp No. 9599009241

विनर एवं गैलवे न्यूज़लेटर संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या एवं जानकारी के लिए :
magazine@galway.in

## अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी पाने व सुझाव देने के लिए:

Customer Care No. (Galway & Galway Kart) +91 -11-49149400

cc@galway.in

www.galway.in

www.galwaykart.com

https://www.facebook.com/Galwayofficial2003/

https://www.instagram.com/galwayofficial2003/

https://www.youtube.com/@galwayofficial2003/

https://twitter.com/galway2003



संपादकीय टीम
शिवम अग्निहोत्री
राजेश कुमार यादव
लेआउट और डिजाइन
दीपा सूद मिश्रा


निवेदन

गैलवे के इस न्यूज़लेटर के माध्यम से कंपनी से जुड़े लोगों और स्वतंत्र डिस्ट्रीब्यूटर्स को एक ऐसा मंच प्रदान करने की कोशिश की गई है, जिस पर आप बहुत सुविधाजनक तरीके से अपने विचार, सुझाव या प्रेरणादायक जीवन गाथाओं को साझा कर सकते हैं। गैलवे बिज़नेस के बारे में आपकी क्या राय है और इस बिज़नेस की बदौलत आपकी ज़िंदगी में किस प्रकार का परिवर्तन आया है, आप इसे भी इस न्यूज़लेटर के माध्यम से देश के लाखों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। आप अपने विचार निम्न ई-मेल आई.डी. पर भेज सकते हैं। भेजी गई सामग्री पर आपका पूरा नाम, पता, आई.डी.नंबर और मोबाइल नंबर अवश्य होना चाहिए। ई-मेल आई.डी. : magazine@galway .in

**गैलवे फाउंडेशन के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने व सुझाव देने के लिए कृपया हमें इस ई-मेल आई.डी. info@galwayfoundation.org पर मेल करें।**


GALWAY
A1/175 Upper Ground Floor, Main Najafgarh Road, Janakpuri, Delhi- 110058
Phone : 011-49295000, Customer Care No. 011-49149400,

© Leadvision Trading (India) Pvt. Ltd.